संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -207 मंगलवार,30 मई 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# अमित शाह के दौरे से पहले मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

## अमित शाह के दौरे से पहले सेना पर हमले की साजिश नाकाम

» पुलिसकर्मी सहित 5 की मौत

» भारी हथियार के साथ 25 गिरफ्तार

**इंफाल,29 मई 2023(ए)।** मणिपुर में फिर हिंसा की आग भड़क गई है। ताजा हिंसा की घटनाओं में एक पुलिसकर्मी समेत 5 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 12 लोग घायल हुए हैं। राज्य के विभिन्न इलाकों में हिंसा भड़कने के बाद हुई फायरिंग की घटनाओं में लोगों की मौत हुई है।पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर की स्थिति फिलहाल ठीक नहीं है। वहां अभी भी हिंसा जारी है। ऐसे में यहां की स्थिति को करीब से जानने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 3 दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इससे पहले इंफाल के पूर्वी जिले में कथित रूप से सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश रच रहे 25 हथियारबंद उपद्रवियों को सेना ने गिरफ्तार किया है।

भारतीय सेना ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए बताया कि मणिपुर में इंफाल के पूर्वी जिले में सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश रचने के आरोप में 25 लोगों को सेना की मोबाइल वाहन जांच चौकियों (एमवीसीपी) ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। सेना ने बताया कि उपद्रवियों के पास हथियार और अन्य ÷युद्ध जैसी सामग्री÷ थी। बयान में कहा गया है कि पांच 12 बोर डबल बैरल राइफल, तीन सिंगल बैरल राइफल, डबल बोर वाला एक देशी हथियार और एक थूथन लोडेड हथियार



बरामद किया गया है।

इससे पहले इंफाल पूर्वी जिले के सिटी कन्वेंशन सेंटर एरिया में एक एमवीसीपी ने रविवार रात चार लोगों के साथ एक संदिग्ध कार को आते देखा। सेना ने उनको रूकने के लिए कहा, लेकिन वे कार से उतरे और भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन धरे गए। उनके पास से मैगजीन के साथ एक इंसास राइफल, 5.56 एमएम गोला बारूद के 60 राउंड, एक चाइनीज हैंड ग्रेनेड और एक डेटोनेटर भी बरामद किया गया।

### एक्शन में फोर्स, सर्च ऑपरेशन जारी

जानकारी के मुताबिक सेना, केंद्रीय अर्धसैनिक बल, मणिपुर पुलिस कमांडो, मणिपुर की रैपिड एक्शन फोर्स और पुलिस कर्मियों ने इंफाल घाटी और आसपास के जिलों में सर्च ऑपरेशन चला रखा है।रविवार को मणिपुर में ताजा हिंसा भड़कने के बाद एक पुलिसकर्मी सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए थे। राज्य में भड़की जातीय हिंसा में अब तक 80 लोगों की जान चली गई।

इधर, सेना और असम राइफल्स ने मणिपुर के काकिंग जिले में बचाव अभियान चलाया हुआ है। वहीं यूएवी, माइन प्रोटेक्टेड व्हीकल और क्यूआरटी को वाहनों में सेरो से पंगलताबी तक 2000 नागरिकों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया। अब तक 328 नागरिक सुगनू से साजिक तंपक में चले गए हैं।

# पीएम मोदी ने नॉर्थ ईस्ट के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

» यात्रियों के लिए बेहद कंफर्ट है ट्रेन

**गुवाहाटी,29 मई 2023 (ए)।** पीएम मोदी ने आज असम के लिए पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि असम सहित पूरे नॉर्थ ईस्ट की रेल कनेक्टिविटी के लिए एक बहुत बड़ा दिन है। आज नॉर्थ ईस्ट की कनेक्टिविटी से जुड़े तीन काम एक साथ हो रहे हैं। आज नॉर्थ ईस्ट को अपनी पहली मेड इन इंडिया वंदे भारत एक्सप्रेस मिल रही है। असम और मेघालय के लगभग सवा चार सौ किमी। रेलवे ट्रैक पर बिजलीकरण का काम पूरा हो गया है। लामडिंग में नवनिर्मित डेमो मेमो शेड का भी आज लोकार्पण हुआ है।





यह असम में गुवाहाटी और पश्चिम बंगाल में न्यू जलपाईगुड़ी के बीच खूबसूरती से डिजाइन की गई अपनी तरह की पहली प्रीमियम सेमी-हाई स्पीड, अच्छी तरह से सुसज्जित पूरी तरह से एयर कंडीशनर सेवा है। अधिकारी ने कहा, ट्रेन की आवृत्ति सप्ताह में पांच दिन होगी। मंगलवार को इस ट्रेन की कोई सेवा नहीं होगी।

### गुवाहाटी और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलेगी ट्रेन

यह नई सेवा गुवाहाटी और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच 411 किमी की दूरी 5 घंटे 30 मिनट में तय करेगी, जिससे सबसे तेज गति वाली ट्रेन द्वारा वर्तमान में सबसे कम यात्रा समय काफी कम हो जाएगा। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा सप्ताह में छह दिन संचालित होगी, जो पूर्वोत्तर के लोगों के लिए यात्रा भावनाओं जैसी एयरलाइनों के साथ नए युग की रेल यात्रा की खोज करेगी, जो यात्रा के दौरान आराम और गति को महसूस करने में सक्षम होंगे।यह इस क्षेत्र की सबसे तेज ट्रेन होगी और इससे आईटी पेशेवरों, कारोबारियों, छात्रों और पर्यटकों को फायदा होगा। वंदे भारत एक्सप्रेस देश में रेल यात्रा के मानकों और गति को बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा रखी गई एक महत्वाकांक्षी योजना की पूर्ति है। प्रधान मंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' आह्वान ने इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के साथ इस पहल को प्रेरित किया है, जो इस आधुनिक सेमी-हाई स्पीड पूरी तरह से स्वदेशी ट्रेन के साथ आ रही है, जो बेहतर वायुगतिकीय डिजाइन, उच्चतम परिचालन गति, सबसे सुंदर इंटीरियर, राज्य- का प्रदर्शन करती है। नवीनतम रेल प्रौद्योगिकी को आत्मसात करने वाली अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाएँ।

# अंतरिक्ष में एक और बड़ी कामयाबी

» इसरो ने लॉन्च किया नैविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-01

**श्रीहरिकोटा ,29 मई 2023 (ए)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नाम एक और उपलब्धि दर्ज हो गई है। संगठन ने आज यानी सोमवार 29 मई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से नैविगेशन सैटेलाइट एनवीएस 01 लॉन्च किया। स्वदेशी जीएसएलवी रॉकेट की मदद से इसका प्रक्षेपण किया गया। बता दें कि एनवीएस-01 भारत के नाविक सैटेलाइट सीरीज का पहला सैटेलाइट है।



इसरो ने जीएसएलवी एफ12 रॉकेट के जरिए इस सैटेलाइट को लॉन्च पैड नंबर 2 से लॉन्च किया। लॉन्च के बाद इसरो चीफ डॉ. एस सोमनाथ एनवीएएलसी सैटेलाइट के सहारे काम चला रहे थे लेकिन उनमें से भी सिर्फ 4 ही काम कर रहे हैं। तीन खराब हो चुके हैं। अगर हम इन तीनों को बदलते तो बाकी के चार भी खराब हो जाते इसलिए हमने 5 नेक्स्ट जेनेरेशन एनएवीएलसी सैटेलाइट एनवीएस छोड़ने का फैसला किया।'

इसरो ने कहा कि प्रक्षेपण के करीब 20 मिनट बाद, रॉकेट लगभग 251 किमी की ऊंचाई पर भू-स्थिर स्थानांतरण कक्षा स्थापित करेगा। एनवीएस-01 अपने साथ एल1, एल5 और एस बैंड उपकरण ले जाएगा। पूर्ववर्ती की तुलना में, दूसरी पीढ़ी के उपग्रह में स्वदेशी रूप से विकसित रुबिडियम परमाणु घड़ी भी होगी।

# अध्यादेश पर कांग्रेस और आप के बीच नहीं बनी बात?

» नेताओं से खड़गे को मिली दूर रहने की सलाह

**नई दिल्ली,29 मई 2023 (ए)।** केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे अध्यादेश के खिलाफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार विपक्षी दल के नेताओं के साथ संपर्क साध रहे हैं। इस बीच अध्यादेश के खिलाफ समर्थन मांगने के लिए उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से भी समय मांगा, जिसको लेकर अब कांग्रेस आलाकमान दिल्ली और पंजाब के नेताओं संग बैठक कर रहा है। वहीं खबर है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी अभी पंजाब और दिल्ली के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक में दिल्ली के अधिकारियों के स्थानांतरण पर केंद्र के अध्यादेश के



मुद्दे पर आप द्वारा कांग्रेस का समर्थन मांगने के मुद्दे पर चर्चा हो रही है।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ दिल्ली और पंजाब के कांग्रेस नेताओं की बैठक में दिल्ली के नेताओं ने उनसे कहा कि दिल्ली में आप से कोई गठबंधन नहीं होना चाहिए। उन्होंने उनसे यह भी कहा कि दिल्ली के अधिकारियों के स्थानांतरण पर केंद्र के अध्यादेश के मुद्दे पर पार्टी को अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े नहीं दिखना चाहिए। हालांकि, नेताओं ने अंतिम फैसला लेने का जिम्मा आलाकमान पर छोड़ दिया है।

बैठक में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल, प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष जेपी अग्रवाल,अजय माकन, सुभाष चोपड़ा, अरविंदर सिंह लवली के साथ मनीष चतरथ, देवेंद्र यादव और हारून यूसुफ को बुलाया गया था।

# वायुसेना के अपाचे हेलीकॉप्टर की भिंड में इमरजेंसी लैंडिंग

» जखमौली सिंध नदी के बीहड़ में उतारा गया

**भिंड , 29 मई 2023 (ए)।** भिंड में एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जखमौली गांव के नजदीक सिंध नदी के बीहड़ में एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कर उतारा गया। इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिलते ही ऊमरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। भारतीय वायु सेना ने खुद इसकी जानकारी दी। मौके पर नयागांव, ऊमरी थाना पुलिस मौजूद है।शुरुआती जानकारी के अनुसार, टेक ऑफ करते समय लड़ाकू अपाचे हेलीकॉप्टर में कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके बाद दोनों पायलटों ने हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करने का निर्णय लिया। पायलटों ने इसे भिड़ के बीहड़ में एक खेत में उतारा। गांव वालों ने जब खेत में हेलीकॉप्टर को उतरते देखा तो मौके पर भीड़ जमा हो गई।



सूचना मिलते ही नयागांव, ऊमरी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सबसे पहले गांव वालों को हेलीकॉप्टर के पास से हटाया और मौके पर जवानों को तैनात कर दिया। जवानों ने हेलीकॉप्टर के पास सुरक्षा घेरा बना लिया है। किसी को भी पास आने नहीं दिया जा रहा है।

# भीषण सड़क हादसे में 7 इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स की मौत

**गुवाहाटी,29 मई 2023 (ए)।** असम के गुवाहाटी के जलुकबाड़ी इलाके में बीती देर रात हुए बड़ा सड़क हादसा हो गया। इसमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है हादसे में जान गंवाने वाले लोग एक स्कॉर्पियो कार में सवार थे, उनकी गाड़ी बेकाबू होकर डिवाइडर पर टकरा गई थी। गुवाहाटी के संयुक्त पुलिस आयुक्त थुबे प्रतीक विजय कुमार ने मीडिया को बताया कि शुरुआती जांच के मुताबिक पुलिस ने पाया है कि मरने वाले छात्र हैं। यह घटना जलुकबाड़ी इलाके में हुई थी।

पुलिस ने बताया कि ये भीषण सड़क हादसा जलुकबाड़ी फ्लाईओवर पर रविवार रात को हुआ. इस सड़क हादसे में असम इंजीनियरिंग कॉलेज (एईसी) के कम से कम सात छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई. सूत्रों ने



बताया कि छात्र एक स्कॉर्पियो कार में यात्रा कर रहे थे. सड़क दुर्घटना स्कॉर्पियो कार के चालक के गाड़ी पर कंट्रोल खो देने के बाद हुई. जिसके बाद स्कॉर्पियो जलुकबारी फ्लाईओवर रोड पर खड़ी एक बोलेरो डीआई पिकअप वैन से टकराने के बाद एक डिवाइडर से टकरा गई.जलुकबाड़ी फ्लाईओवर रोड एक्सीडेंट में मारे गए छात्र-छात्राएं को पहचान गुवाहाटी से अरिंदम भवाल और नियोर डेका, शिवसागर से कौशिक मोहन, नागांव से उपांग्शु सरमाह, माजुली से राज किरण भुइयां, डिब्रूगढ़ से इमोन बरुआ और मंगलदोई से कौशिक बरुआ के रूप में की गई है. शुरुआत में मिली जानकारी के मुताबिक सड़क दुर्घटना के समय स्कॉर्पियो कार में दस लोग सवार थे. दस में से सात छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य को गंभीर हालत में तुरंत गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (जीएमसीएच) ले जाया गया. घटना के बाद वहां पहुंची पुलिस छात्रों की जान नहीं बचा सकी, क्योंकि उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी.

# 16 साल की मासूम के खून से फिर सनी दिल्ली

» हैवानियत ऐसी की 20 से ज्यादा बार चाकू से किए वार,फिर भी दिल न भरा तो सिर पर 6 बार पटका पत्थर

**नई दिल्ली,29 मई 2023 (ए)।** शाहबाद डेरी इलाके में हुए सनसनीखेज हत्याकांड से राजधानी दिल्ली एक बार फिर दहल उठी है। यहां बी ब्लॉक में एक नाबालिग लड़की की चाकू से 20 से अधिक बार वार कर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान जेजे कॉलोनी निवासी साक्षी (16 वर्ष) के रूप में हुई है।

वहीं, आरोपित की पहचान मोहम्मद सरफराज के बेटे मोहम्मद साहिल के रूप में हुई है। बता दें कि आरोपी शाहबाद डेरी इलाके में ही रहता है और पेशे से मैकेनिक का काम करता है। घटना के बाद से वह फरार चल रहा है कि पुलिस उसे ढूंढने के लिए छापेमारी कर रही है।



दिल्ली पुलिस के मुताबिक, शाहबाद डेयरी थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय लड़की की उसके प्रेमी ने चाकू मारकर हत्या कर दी। जिसकी पहचान 20 वर्षीय साहिल के रूप में हुई है। साहिल और नाबालिग रिलेशनशिप में थे, मगर रविवार को उनका झगड़ा हो गया। लड़की उसके दोस्त के बेटे के जन्मदिन में शामिल होने की तैयारी में थी। जब वह बाहर जा रही थी तभी रास्ते में उसे आरोपी ने रोका, उस पर चाकू से कई बार वार किया और इसके बाद भी उसका दिन नहीं भरा तो साक्षी पर पत्थर से भी हमला कर दिया।

दिल्ली पुलिस का कहना है कि आरोपित अभी फरार है उसकी तलाश की जा रही है। घटना को लेकर शाहबाद डेयरी थाने में आईपीसी की धारा 302 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस घटना पर डीसीडब्ल्यू प्रमुख स्वाति मालीवाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, ÷मैंने इतना डराने वाला केस कभी नहीं देखा। दिल्ली महिलाओं और बच्चियों के लिए बहुत ही असुरक्षित और असंवेदनशील है।जिस दिन इस देश की पुलिस व्यवस्था सुधर जाएगी उस दिन किसी की हिम्मत नहीं होगी कि किसी भी महिला या बच्ची के खिलाफ कुछ भी कर जाए, आज जो हो रहा है वे पूरी तरह से कानून व्यवस्था की असफलता को दर्शाता है।÷

# तिहाड़ जेल में फिर खूनी खेल

### चाकू से कैदी पर किए ताबड़तोड़ हमले

**नई दिल्ली,29 मई 2023 (ए)।** दिल्ली के तिहाड़ जेल में आज एक बार फिर से दो कैदियों के बीच मारपीट हो गई। एक कैदी ने दूसरे पर ताबड़तोड़ चाकू और खपरैल से हमला कर दिया। दोनों समूहों के सदस्यों को गंभीर चोटें आईं जिन्हें अस्पताल दाखिल करवाया गया है।

तिहाड़ जेल से जुड़े अधिकारी ने बताया कि सेंट्रल जेल नंबर 1 में दो गुटों के दो कैदियों के बीच मारपीट हो गई। जानकारी के अनुसार, सोमवार यानी 29 मई को दोपहर करीब 12.38 बजे सेंट्रल जेल नंबर-1, तिहाड़ (वार्ड नंबर-2) में कुछ कैदियों ने राहुल उर्फ पवन पर ताबड़तोड़ चाकू और हाथ से बनी सूआ और खपरैल से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। हमलावरों में शामिल कैदी आलोक ने घटना के बाद खुद को चोटिल कर लिया। जेल स्टाफ टीएसपी और क्विक रिस्पांस टीम ने हस्तक्षेप किया और घटना में शामिल कैदियों को तुरंत अलग कर दिया




गया। जेल डिस्पेंसरी में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायल कैदियों को इलाज के लिए डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीएस हरि नगर को प्राथमिकी दर्ज करने और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई करने के लिए सूचित किया गया है।

CMYK

## संपादकीय

### मोदी सरकार के नौ साल के जश्न की तैयारी

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने जा रहे हैं। 30 मई को सरकार के नौ साल पूरे होंगे और इस मौके पर एक महीने के जश्न की शुरुआत होगी। अगले एक महीने भाजपा पूरे देश में मोदी सरकार के कामकाज का प्रचार करेगी। केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में अलग अलग राज्यों में जाकर पार्टी के नेता बताएंगे। मंत्रालयों के हिसाब से केंद्र सरकार की उपलब्धियों की सूची बनाई जा रही है। सरकारी पोर्टल माई गॉव के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आकाश त्रिपाठी ने सभी मंत्रालयों को चिटठी लिख कर उनसे उनकी योजनाओं के बारे में जानकारी मांगी है। उन योजनाओं पर अमल से क्या बदलाव हुआ है और लोगों को क्या फायदे हुए हैं इसकी सूची भी बनाई जा रही है।

केंद्र सरकार की ओर से प्रचार की अलग रणनीति बनी है तो भाजपा की ओर प्रचार की अलग रणनीति बनाई जा रही है। पार्टी पूरे देश में कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इसकी शुरुआत 31 मई को राजस्थान के अजमेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली से हो रही है। इस रैली में आसपास के कई राज्यों के लोग शामिल होंगे। गौरतलब है कि राजस्थान में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी चुनाव हैं और बताया जा रहा है कि उन राज्यों में भी प्रधानमंत्री मोदी की रैलियां हो सकती हैं। इसके अलावा पार्टी के नेता पूरे देश में 50 से ज्यादा रैलियां करेंगे। भाजपा ने जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक कार्यक्रम करने का प्लान बनाया है। 30 मई से भाजपा का संपर्क अभियान शुरू होगा, जो 30 जून तक चलेगा।

# मौत की मंडी बन रहा है शिक्षा नगरी कोटा



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

देश-दुनिया में शिक्षा नगरी के नाम में प्रसिद्ध राजस्थान के कोटा शहर में कोचिंग संस्थानों की संख्या में वृद्धि के साथ ही आत्महत्याओं की घटनाओं में भी बढ़ोत्तरी हो रही हैं। कोचिंग की मंडी बन चुका राजस्थान का कोटा शहर अब आत्महत्याओं का गढ़ बनता जा रहा है। यहां शिक्षा के बजाय मौत का कारोबार हो रहा है। कोटा एक तरफ जहां मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देने के लिए जाना जाता है। वहीं इन दिनों छात्रों द्वारा आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में हैं। कोटा पुलिस के अनुसार साल 2018 में 19 छात्रो ने 2017 में 7 छात्रो ने 2016 में 18 छात्र 2015 में यहां 31 छात्रों ने मौत को गले लगा लिया था। वर्ष 2014 में 45 छात्रों ने आत्महत्या की थी।

27 मई को कोटा में फिर एक छात्रा साक्षी ने खुदकुशी कर ली। छात्रा अपने चाचा के पास रहकर नीट की कोचिंग कर रही थी। उसकी लाश कमरे में फांसी में फंदे पर लटकी मिली। कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। उसमें लिखा था कि मेरी मौत का जिम्मेदार कोई नहीं है। साक्षी (17) मूलरूप से टोंक की रहने वाली थी। साक्षी के चाचा सुरेंद्र जाट जो कोटा थर्मल में सहायक अभियंता हैं ने बताया कि साक्षी बाहर वाले कमरे में पढ़ाई करती थी। उसी में चुन्नी से फांसी लगा ली। सुरेंद्र जाट ने बताया कि सम्भवतः पढ़ाई के तनाव में चलते उसने फांसी लगाई है। कुन्हाड़ी थानाधिकारी गंगा सहाय शर्मा ने बताया कि छात्रा साक्षी के खुदकुशी करने को लेकर कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है।

इससे पूर्व 24 मई को कोटा में राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी कर रहे बिहार के नालंदा जिले के खोजपुरा गांव के एक 16 वर्षीय छात्र आर्यन ने आत्महत्या कर ली थी। गौरतलब है कि मई माह के 27 दिनों में यह पांचवी घटना थी। जब कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रही छात्रा ने खुदकुशी कर ली। कोटा में पिछले पांच महीने में आत्महत्या और आत्महत्या के प्रयास के 11 मामले सामने आए हैं।

कोटा संभाग में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के मामलों को लेकर 24 जनवरी 2023 को विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधानसभा में प्रश्न पूछा था। जिसके जवाब में सरकार की ओर से कहा गया है कि कोटा संभाग में विगत चार साल 2019 से 2022 में स्कूल-कॉलेज और कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों की आत्महत्या के कुल 53 मामले दर्ज हुए हैं। अपने जवाब में सरकार ने जो प्रमुख कारण आत्महत्या के गिनाए हैं। उनमें कोचिंग सेंटर में होने वाले टेस्ट में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी होना, माता-पिता की छात्रों से उच्च महत्वाकांक्षा होना, छात्रों में शारीरिक मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण भी हैं।

कोटा में राजीव गांधी नगर इलाके के तलवंडी, जवाहर नगर, विज्ञान विहार, दादा बाड़ी, वसंत विहार और आसपास के इलाके में करीब पौने दो लाख व लैंडमार्क इलाके में 60 हजार छात्र रहते हैं। इसी तरह हजारों की संख्या में छात्र कोरल पार्क, बोरखेड़ा में भी रहते हैं। कोटा में करीबन ढाई लाख छात्र पढ़ रहें हैं। जिनमें सर्वाधिक उत्तर प्रदेश और बिहार से आते हैं। कोटा में सात नामी व कई अन्य कोचिंग सेंटर हैं। शहर में करीबन साढ़े तीन हजार हॉस्टल और पीजी हैं।



कोटा शहर के हर चैक-चैराहे पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि कोटा में कोचिंग हीं सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। उनमें से कुछ अपनी असफलता बर्दाश्त नहीं कर पाते हें।

आज कोटा देश में कोचिंग का सुपर मार्केट है। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना चार हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को अनुमानतः सालाना 200-300 करोड़ रूपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं।

कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढनेवाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से अकेले कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी छात्र पढ़ा रहे हैं। कोटा में पुलिस, प्रशासन, कोचिंग संस्थानो ने छात्रों में पढ़ाई का तनाव कम करने के बहुत से प्रयास किए मगर घटनाएं नहीं रुक पा रही हैं।

इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों में नामांकन कराने के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं की तैयार करने के लिए देशभर से छात्र कोटा आते हैं और यहां के विभिन्न निजी कोचिंग सेंटरों में दाखिला लेकर तैयारी में लगे रहते हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि परीक्षा उत्तीर्ण करने के दबाव में आकर पिछले कुछ वर्षों में काफी छात्रों ने आत्महत्या की है। जिसके लिए अत्याधिक मानसिक तनाव को कारण माना जा रहा है। कोचिंग संस्थान भले ही बच्चों पर दबाव न डालने की बात कह रहे हों। लेकिन कोटा के प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में तैयारी करने वाले बच्चे दबाव महसूस न करें ऐसा संभव नहीं।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने एक मोबाइल पोर्टल और ऐप लाने की बात कही है। जिससे इंजीनियरिंग में दाखिले की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए कोचिंग की मजबूरी खत्म की जा सके। चूंकि इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम, आयु, अवसर और परीक्षा का ढांचा कुछ ऐसा है कि विद्यार्थियों के सामने कम अवधि में कामयाब होने की कोशिश एक बाध्यता होती है। इसलिए वे सीधे-सीधे कोचिंग संस्थानों का सहारा लेते हैं। अगर मोबाइल पोर्टल और ऐप की सुविधा उपलब्ध होती है तो इससे इंजीनियरिंग में दाखिले की तैयारी के लिए विद्यार्थियों के सामने कोचिंग के मुकाबले बेहतर विकल्प खुलेंगे।

कोटा की पूरी अर्थव्यवस्था कोचिंग पर ही टिकी हैं ऐसे में कोचिंग सिटी के सुसाइड सिटी में बदलने से यहां के लोगों में घबराहट है कि कहीं छात्र कोटा से मुंह न मोड़ लें। इसे देखते हुए प्रशासन, कोचिंग संस्थाएं और आम शहरी इस कोशिश में लग गए हैं कि आखिर छात्रों की आत्महत्याओं को कैसे रोका जाए। यदि शिघ्र ही कोटा में पढने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाओं पर रोक नहीं लग पायेगी तो यहां का एक बार फिर वही हाल होगा जो कुछ साल पहले यहां के कल-कारखानों में तालाबन्दी होने के चलते व्याप्त हुये आर्थिक संकट के कारण हुआ था। इसके लिए प्रशासन ने कोचिंग संस्थानो के संचालन के लिये नियम कायदे कानून बनाना शुरु किया है। जिनसे ही शायद आत्महत्या की घटनाओ पर काबू पाया जा सके।

## उलझन

सोच रही हूँ बैठे बैठे, आज किधर मैं जाऊँ।
है थोड़ी सी उलझन साथी, कैसे मैं सुलझाऊँ।।
रहते मानव इस दुनिया में,पर लगते बेगाने।
व्यस्त जिंदगी में डूबे हैं, नहीं यहाँ पहचाने।।
कदम कदम पर वादा करते, हम राह बनायेंगे।
उड़ें गगन में पंख पसारे, हिम्मत बन जायेंगे।।
बड़े बड़े सब बातें करते, यहाँ नहीं है अपना।
रात गई अरु बात गई जी, सभी दिखाते सपना।।
कभी अकेला मन है रोता, कभी हृदय घबराता।
घटित हुई घटनाएँ कितने,
समझ नहीं कुछ आता।।
करूँ अलग कुछ इस दुनिया में,
अपना नाम कमाऊँ।
जितनी भी उलझन है साथी,
खुद से हल कर जाऊँ।।



प्रिया देवांगन
प्रियू
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## देश के असली हीरो

आज देश के असल हीरो की सही पहचान करने की आवश्यकता है।जिनको हमने लगभग भूला दिया है।हम फिल्मी दुनिया के हीरो,खेल जगत के खिलाडियों,और पाश्चात्य संस्कृति के चकाचौंध के पीछे भाग रहे हैं।जो उचित और सही नही है। जो असली हीरो हैं उनका मान-सम्मान करने की आवश्यकता है। जिनके कंधे पर भारत माता का भार है।जिनके रात-दिन पहरा देने से हमारा भारत सुरक्षित है।और यह भारत गर्व से स्वाभिमान से हिमालय की तरह अपना मस्तक ऊँचा किये हुए हैं।चाहे वह हिमालय पर्वत की ऊँची चोटी हो,चाहे घनघोर जंगलों का दुर्गम घाटी वाला रास्ता,चाहे उबड़ - खाबड़ बिहड़ कंकरीला रास्ता या पर्वतों की खतरनाक खोह गुफाएं और घाटियाँ,चाहे हाड़-मांस को गलाने वाली बर्फ़ानी सर्दियाँ और खतरनाक तूफ़ानी मंजर हो,चप्पा-चप्पा सभी जगह अपनी निष्ठा का परिचय देते हुए अपनी जान की बाजी लगाकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

हमारे लिए छह ऋतुएं आती है,हमारे लिए
दिन-रात होती है,हमारे लिए सुबह-शाम होती है,हमारे लिए तीज-त्यौहार होती है,हमारे लिए



दशहरा-दिवाली होती है,हमारे लिए भरा-पुरा परिवार होता है।उनके लिए कोई नाता-रिस्ता नहीं है, उनके लिए कोई सुख-दुख नहीं,उनका कोई चाहत और चाह नही है,उनके दिलों में मात्र और मात्र देश के प्रति मान-सम्मान,देशभक्ति देश के लिए मर मिटने का हौसला,जोश जज्बा,उत्साह,लगन,कर्तव्य निष्ठा,ईमानदारी वफ़ादारी,अपनी मातृभूमि के लिए समर्पण भावना।ऐसे समर्पित हीरों हैं हमारे देश के युवा जवान सैनिक, सिपाही,फ़ौजी जिनके हाथों में हमारे देश का मान-सम्मान, अमन-चैन, सुख-शान्ति, समृद्धि,और सुरक्षा निहित है।ऐसे जाबांज हीरों को हम नमन करते हैं।जिनके रात भर और दिन भर जागने से हम चैन की नींद सो पाते हैं।आइये उनके मंगल कामना हेतु ईश्वर से पर्थना करें।आइये हम शासन से यह दरखवास्त करें,की यह शासन उनकी सुख शान्ति समृद्धि और खुशहाली हेतु हर सम्भव प्रयास करे।उनको सबसे ऊँचे पायदान पर रखकर उनको उचित सम्मानजनक लाभ प्रदान करे।राज नेताओं की तरह भी इनको भी उचित लाभ मिले।इनके समान ही इनको सारी सुविधाएं मिले।



अशोक पटेल आशु
तुषमा,
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

## कारवां हयात का

चलने लगा है मुस्कुराता,
कारवां ये हयात का।
चल पड़ो सब साथ मसला,
छोड़ जात पांत का।
रब ने भेजा है हमें,
एक ही दुनियाँ में साथ,
क्यूं बढ़ाते फ़ासला हो,
नामुनासिब बात का।
चांद सूरज और तारे,
सबके हैं साझा यहां,
रब ने ये तौफा दिया है,
एक से दिन रात का।
आओ मिलके साथ हम,
सब बैठ के बातें करें,
हो शुरु यूं सिलसिला,
कुछ ऐसी मुलाकात का।
कभी तो दिल की सुनों,
लोगों की बातें छोड़कर,
कर न देना अनसुना तुम,
रुह के जज़्बात का।
स्वाती चलो खाएं कसम,
बातें न हों अलगाव की,
मिलकर करेंगे सामना,
कैसे भी हों हालात का।



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

## सनमकदा

तुम्हें बुत सा पूजा, ख़ुदा कर दिया
मोहब्बत को ही अलहदा कर दिया
तेरी बाज़ुओं में यूँ सिमटे कि बस
तेरी बाज़ुओं को रिदा कर दिया
ज़ुल्फ़ों के ख़म में उलझते गए
दिल को तुम्हीं पे फिदा कर दिया
माँगते तुझ ही को रहे हम सदा
दिल की दुआ को सदा कर दिया
गाये जो गीत वस्ल-ओ-इश्क़ के
दैर-ओ-हरम सनमकदा कर दिया



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

## गजल हो तुम

हुश्न माहताब की ग़ज़ल हो तुम।
इश्क आफताब ग़ज़ल हो तुम।
मुरझा चुके है रहगुजर के फूल,
तुमसे शर्मिंदा हैं पतझर के फूल,
जिंदगी के गुलाब की ग़ज़ल हो तुम।
मैंने तुम्हे चाहा चाहत का तकाज़ा है,
तुम्हारे हमराह रहें ये इरादा है,
मेरे ही हसीं ख़्वाब की
ग़ज़ल हो तुम।
क्या दामन बचाना करीब आ ही गये,
दिल की प्यासी जमीं पे छा ही गये,
दिले बेताब की ग़ज़ल हो तुम।



ओमप्रकाश
बिन्जवे राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

## पंचमहाभूत

मजबूर नहीं मजबूत हूँ मैं,
देवों का भेजा देवदूत हूँ मैं /
पाप पुण्य का हिसाब लेने,
बादलों से आया मेघदूत हूँ मैं //
अधर्म बढ़ता जा रहा धरती में,
धर्म स्थापित करने आया हूँ मैं /
जहाँ जहाँ अंधकार का बसेरा है,
अंधकार हटाने आया,भूमिदूत हूँ मैं //
जल ही जीवन है समझ लो तुम,
जल की महत्ता बताने आया हूँ मैं /
ब्यर्थ ना करो जल का शोषण तुम,
जल रहस्य बताने आया,जलदूत हूँ मैं
पेड़ पौधों का करो ना विनाश तुम,
सांसों का राज समझाने आया हूँ मैं /
जीवन की डोर बँधी है इससे सबकी,
प्राण वायु साथ लाने वाला,वायुदूत हूँ मैं
अहंकार की गर्मी कितना दिखाओगे,
सारी गर्मी तुम्हारी मिटाने आया हूँ मैं
एक दिन खुद ही जल जाओगे सब,
अहंकार को जलाने वाला अग्निदूत हूँ मैं
समस्त जीव सजीव में समाहित हूँ मैं,
अपनी शक्ति प्रभाव फैलाने आया हूँ मैं
सम्पूर्ण जगत का मैं ही आधारशिला हूँ,
तुम्हारे अंदर रहने वाला पंचमहाभूत हूँ मैं



नितेश
कुमार
दिवाकर
बैकुंठपुर
छत्तीसगढ़

## मन में उड़ान

मन में उड़ान मुख पे मुस्कान
छँट गई गम खुशी है पहचान
दुश्मन है हम से आज परेशान
ये है हिन्द हिन्द से हिन्दुसतान
मन में उड़ान मुख पे मुस्कान
जीते हैं हम आन बान वो शान
देव की धरती है ये जहान
हम वीरों का है ये देश महान
मन में उड़ान मुख पे मुस्कान
हमारी सोंच है विश्व कल्याण
वसुधैव कुटुम्बकम है ये मान
सुख दुःख में आते सदा काम
मन में उड़ान मुख पे मुस्कान
जग वाले परिजन है अरमान
दुश्मन भी लेते हैं हमारी नाम
मत बन बैरी रे देश पाकिस्तान
मन में उड़ान मुख पे मुस्कान
होश में आओ आतंकिस्तान
टक्कर में नहीं हो भाईजान
बरबाद हो जाओगे रे बेईमान



उदय किशोर
साह
जयपुर जिला
बाँका बिहार

## सेंगोल न्याय का प्रतीक

प्राचीन भारत की अनमोल विरासत सेंगोल यानी राजदंड एक प्रतिक जिसके ऊपरी सिरे पर नंदी विराजमान हैं यह धन-संपदा वैभव एवं न्याय का प्रतीक माना जाता है। तमिल परंपरा के अनुसार सेंगोल राजा को याद दिलाता है कि उन्हें न्यायपूर्ण और निष्पक्ष रूप से शासन करने के लिए सत्ता मिली हैं। संगोल का इतिहास मौर्य काल एवं गुप्त वंश काल से शुरू हो गया था लेकिन सबसे अधिक चर्चा चोल वंश के शासन काल में हुई। भारत के दक्षिण भाग में चोल साम्राज्य 907 से 1310 ईस्वी तक रहा इस वंश में राजेंद्र चोल (प्रथम) और राजाराज प्रतापी राजा थे। चोल से पूर्व पल्लवों का शासन था। भारत में अनेक प्रतापी राजवंश सत्ता पर आसीन हुए। पल्लव एवं चोल दक्षिण भारत के दो प्राचीन प्रतापी राजवंश थे।

नरसिंह वर्मन द्वितीय ने महाबलीपुरम में मन्दिरों का निर्माण करवाया यह मन्दिर अधिकतर शैव परम्परा के हैं। यहाँ का समुद्र तट पर स्थित शोर आठवीं शताब्दी पूर्व का है भगवान शिव के दो मन्दिरों के बीच में विष्णु मन्दिर का निर्माण कराया गया था। पल्लवों द्वारा ग्रेनाइट के ब्लॉकों का उपयोग कर शानदार संरचना का निर्माण द्रविड़ शैली में किया गया है। यहाँ के प्रसिद्ध पंच रथ मंदिर में पाँचों रथों का नाम महाभारत काल के पात्र पांडवों के नाम से रखा गया था। प्रवेश द्वार पर द्रोपदी रथ जो भगवती दुर्गा को समर्पित है, अन्य रथों से छोटा है। यह गुफा मन्दिर 7 वीं शताब्दी के अंत में पल्लवों द्वारा निर्मित किया गया यह विशाल शिला काट कर बनाये गये मंदिर है। 'गणेश रथ' दर्शनीय मंदिर है जिसकी रचना द्रविड़ शैली में की गई हैं। महाबली पुरम में एक पहाड़ को काट कर नों गुफा मन्दिर में काट छांट कर विभिन्न कथाओं के चित्र आज भी सजीव लगते हैं। इस वंश के शासको के समय के अभिलेख संस्कृत में हैं।

राज्याभिषेक के समय राजपुरोहित राजाओं को चक्रवर्ती उपाधि के साथ सेंगोल सौंपा जाता था। सत्तासीन राजा सर्वोच्च न्याय अधिकारी थे। वह विद्वानों और मंत्रियों की सलाह से अपराधियों को दंड देते थे दंड -1, मृत्युदंड 2 आर्थिक दंड सोने के सिक्के लिए जाते थे। वर्तमान पंचायती व्यवस्था चोल की देंन हैं। चोल राजवंश के बाद दक्षिण की सत्ता में विजयनगर साम्राज्य स्थापित हो गया। भारत की आजादी के अवसर पर सेंगोल चर्चा में आया। वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया के बारे में पंडित नेहरू से जानकारी मांगी ब्रिटिश सत्ता जायेगी तो प्रतीक के रूप में आपको क्या सौंपा जाएगा? नेहरु ने राजगोपालाचार्य से परामर्श किया उन्होंने सोच विचार कर सेंगोल के बारे में नेहरू जी को बताया सेंगोल मन्दिरों में कुछ शिव की प्रतिमाओं में नजर आता है। सहमति बनने के बाद उस वक्त थिरुवावदुथुरई आधीनम् के तत्कालीन प्रमुख अंबलवाण देसिगर स्वामी को इसका भार सौंपा गया।

सेंगोल के निर्माण में 15 कारीगरों ने दस दिन तक काम कर चांदी द्वारा निर्मित किया इस पर सोने का पत्तर चढ़ा था। ऊपर गोलाकार इसे विश्व का प्रतीक माना जाता है, उस पर नंदी की मूर्ती है। देसिगर स्वामी ने अपने सहायक पुजारी कुमारस्वामी तंबीरन को सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी करने के लिए दिल्ली भेजा सेंगोल विधिवत मंत्रोच्चार द्वारा गंगाजल से पवित्र किया गया था। 14 अगस्त 1947 को रात 11 बजे के बाद तंबीरन ने सेंगोल माउंटबेटन को दिया। कहते है माउन्टबेटन से सेंगोल लेकर तमिलनाडु से आये पुजारियों ने फिर से सेंगोल पर पवित्र जल छिड़का नेहरू जी को वेदमंत्रों के उच्चारण के बीच माथे पर भस्म लगाकर उन पर गंगाजल छिड़का पीले अंगवस्त्र उढ़ा कर सोंपा गया। उपस्थित लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट से हॉल में गूंज उठा। उन्होंने आनन्द भवन में रखवा दिया। उसे नेहरूजी छड़ी माना गया बाद में इलाहाबाद के म्यूजियम में रखवा दिया।

पुन = भारत की प्राचीन संस्कृति की यादगार सेंगोल में रूचि दिखाई गयी 1947 की यादगार को ताजा करते हुए पूजित सेंगोल उसी विधि से मोदी जी को सौंपा गया। संसद में स्पीकर की कुर्सी के दायें तरफ पास स्थापित किया गया। प्रजातंत्र में जनता सर्वोच्च है संसद, जनता के चुने प्रतिनिधि कानून बनाते हैं कार्यपालिका उनको लागू करती है ÷आज सेंगोल विधि का शासन न्याय का प्रतीक हैं÷। यथेष्ठ, भारत के लोकतंत्र का मंदिर जनसरोकार, सांस्कृतिक, न्याय और राष्ट्रीयता संकल्पना की अभिव्यक्ति हमारा संसद, हमारा मान है।



हेमेन्द्र
क्षीरसागर,
बालाघाट
मध्यप्रदेश

## अभाव,असुविधा और असुरक्षा के बीच सिसकती ग्रामीण पत्रकारिता

समय के साथ पत्रकारिता के तेवर और कलेवर में बदलाव आ रहा है। इसी बीच ग्रामीण पत्रकारिता का चाल, चरित्र और चेहरा भी तेजी से बदल रहा है। ग्रामीण पत्रकारिता को पत्रकारिता की रीढ़ कहा जाता है। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों में कार्य कर रहें ज्यादातर रिपोर्टर शौकिया तौर पर कार्य कर रहें हैं। कैरियर के लिए नहीं। ग्रामीण इलाकों से प्रायः हांकरो द्वारा ही समाचार का संकलन कर भेजा जाता है। बरसों से यह हो रहा है। ग्रामीण पत्रकारिता के समक्ष आज अनेक चुनौतियां विद्यमान है। असुरक्षा और अभाव के बीच ग्रामीण संवाददाता काम कर रहे हैं। ग्रामीण पत्रकार पत्रकारिता के साथ अन्य काम भी करते हैं। किसी का किराना दुकान है, तो कोई कपड़ा और फोटोकॉपी का दुकान चलाता है। कोई खेती किसानी, तो कोई रोजी मजदूरी करके परिवार चला रहा है और साथ-साथ पत्रकारिता भी कर रहा है। ग्रामीण पत्रकारिता चुनौतियों से जूझती हुई बढ़ रही है। केवल पत्रकारिता के भरोसे यहां के पत्रकार अपना जीवनयापन नहीं कर सकता। घर, परिवार और बच्चों की पढ़ाई के लिए उन्हें पत्रकारिता के साथ मजदूरी भी करना पड़ता है। क्योंकि कोई भी मीडिया संस्थान ग्रामीण क्षेत्रों में अपना स्थाई संवाददाता नियुक्त नहीं करता और न ही उन्हें वेतन और अन्य सुविधा ही मुहैया कराता है। ग्रामीण क्षेत्रों में फर्जी पत्रकारों की बाढ़ सी आ गई है। एक नहीं बल्कि कई चैनलों और अखबारों के प्रेस कार्ड और माईक इनके पास रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बिना डिग्री धारी अप्रशिक्षित पत्रकारों की भरमार है। तथाकथित स्वघोषित पत्रकारों से आज हर पंचायत और जनप्रतिनिधि परेशान हैं। पत्रकारिता की धौंस दिखाकर लोगों को डरा धमकाकर अवैध उगाही करने का धंधा ग्रामीण इलाकों में तेजी से फल-फूल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से भी अब न्यूज पोर्टल और युट्यूब चैनलों का संचालन होने लगा है। कुछ स्वघोषित पत्रकार बनकर भी घूम रहे हैं। कुछ पैसे देकर फर्जी आईडी कार्ड और माईक बनवा लेते है और इन्हें लेकर घूमते रहते हैं। मौका देखकर अवैध वसूली से भी नहीं चुकते। ग्रामीण इलाकों से भेजी गई खबरों में लयात्मकता और तारतम्यता का अभाव रहता है। अनेक त्रुटियां भी रहती है। क्योंकि यहां प्रशिक्षित पत्रकार नहीं है। न तो उन्हें लिखने के लिए आता है न ही विश्लेषण करना। ग्रामीण पत्रकारों के पास तकनीकी साधनों की कमी और उचित सुविधाओं का अभाव रहता है। मेहनताना भी काम के अनुरूप नहीं मिलता। इस कारण ग्रामीण पत्रकार लीक से हटकर कुछ अलग लिखने और करने में रूचि नहीं दिखाते। प्रोत्साहन न मिलने से कई पत्रकार पत्रकारिता छोड़ रोजी मजदूरी करने जा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में कई पत्रकार अपनी पूरी उम्र पत्रकारिता में ही खपा दिए। तो कोई मुफलिसी में जिंदगी काट रहे हैं। विज्ञापन नहीं देने पर कईयों का एंजेसी और चैनल भी उनसे छीन लिया गया। कुछ तो अब पोर्टलों के लिए ही लिख रहे हैं। कई ग्रामीण पत्रकार 25-27 साल से बड़े-बड़े चैनलों और अखबारों में काम कर रहें हैं। लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति अभी भी दयनीय है। कुछ ने दबाव से संस्थान छोड़ दिए और खुद का न्यूज पोर्टल खोल लिए। अब छोटे-छोटे क्षेत्रीय चैनल भी संवाददाता नियुक्त कर रहें है। नए पत्रकारों की नई फौज तैयार हो रही है। उनका अलग संगठन और संघ बन रहा है। इस बीच पुराने स्थापित और नए पत्रकारों में आपसी खीचातानी भी बढ़ी है। युवा पत्रकारों की नई पौध ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से फल-फूल रहा है। जो लीक से हटकर अच्छा काम कर रहें हैं। इधर, कुकुरमुत्तों की तरह उग आए न्यूज पोर्टलों ने पत्रकारों की संख्या बढ़ा दी है। ये छोटे-छोटे कस्बों में भी अपना संवाददाता रख रहे हैं। छोटे-छोटे पोर्टलों के भी विदेशों में संवाददाता है ऐसा इनके खबरों को देखकर लगता है। धड़ल्ले से न्यूज पोर्टल व युट्यूब चैनल हर रोज खुल और बंद हो रहे हैं। पोर्टलों में कम उम्र के युवा पत्रकारों की अधिकता है। पहले पत्रकार बनते थे बाद में संपादक। अब पोर्टलों के आने से लोग सीधे संपादक बन रहे हैं। छोटे उम्र के युवा संपादक है। अन्य चैनलों या अखबारों में काम करने वालों का भी खुद का अपना न्यूज पोर्टल है। पोर्टलों की बाढ़ से उगाही या ब्लेकमेलिंग जैसी शिकायतें भी बढ़ी है। हर गांव पत्रकारों से लैस है। अब छोटी-छोटी घटना या कार्यक्रम भी समाचार बन रहा है। जो कभी मुश्किल से जगह पाती थी। ब्लॉग लिखने वालें ब्लॉगर, युट्यूबर भी अपने आप को पत्रकार समझता है। ग्रामीण क्षेत्रों में मीडिया की धमक पहले से बढ़ा है। लेकिन बड़ी विडंबना है कि, हर गाँव, हर शहर, हर मोहल्लें में एक पत्रकार रहते हैं। अब नेता, मंत्री, समाज सेवक, व्यापारी, शराब कोचिए, सब्जी विक्रेता, दुकानदार सभी का खुद का न्यूज पोर्टल है। अपराधी, हिस्ट्रीशीटर, चाय ठेले वाले भी यहां पत्रकार है। ग्रामीण क्षेत्रों में अप्रशिक्षित पत्रकारों का ज्यादा धौंस है। डिग्री धारी पत्रकार बिरले मिल जाए तो इत्तेफाक होगा। लेकिन खोजी पत्रकारिता में नवोदित पत्रकार आगे हैं। ग्राउंड जीरो में जाकर पत्रकारिता कर रहे हैं। ग्रामीण पत्रकारों पर अनेक तरह की प्रशासनिक और राजनीतिक दबाव रहती है। अवैध धंधों की खबर चलाने पर यहां पत्रकारों को हानि पहुंचाते है। इसलिए कुछ पत्रकार ग्रामीण छोड़ शहरों में पत्रकारिता करनें चले जाते हैं। ग्रामीण पत्रकारिता की स्थिति अच्छी नहीं है। शहर के इर्द-गिर्द घुमती पत्रकारिता में गांवों के हालातों की समीक्षा अब नहीं के बराबर रह गई है। ऐसे में सिसकती ग्रामीण पत्रकारिता की आँसू पोछने की भी कोशिश होनी चाहिए।



केशव पाल
तिल्दा-नेवरा
रायपुर छत्तीसगढ़

## संस्कार प्रभा की पहल

# मोबाइल से बच्चे दूर



संस्कार प्रभा पिछले कई वर्षों से समाज निर्माण की दिशा में कार्यरत है। इसके माध्यम से अब तक अनगिनत बच्चों ने अपने व्यक्तित्व का न सिर्फ विकास किया बल्कि समाज व राष्ट्र के बेहतर नागरिक बनने हेतु संकल्पित भी रहे हैं। संस्था ने गर्मी की छुट्टियों में बाल कवि सम्मेलन की कड़ी में एक काव्य गोष्ठी आयोजित की। ज्ञात हो कि बच्चों को मोबाइल एवं टीवी से दूर रखने तथा साहित्य में अभिरुचि उत्पन्न करने की दिशा में संस्था विभिन्न प्रकार के उपक्रम करती रहती है। इस अवसर पर संस्कार प्रभा की अध्यक्ष मुम्बई की वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती ने बताया कि राष्ट्र निर्माण में बच्चों की अहम भूमिका होती है इसलिए संस्कार प्रभा वर्षों से इस दिशा में कार्यरत है, और सदा-सर्वदा रहेगा। संस्कार प्रभा की निदेशक (प्रकाशक) प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) ने कहा हम अपने एक उद्देश्य को लेकर चल रहे हैं, हर प्रकार से बच्चों को आगे बढ़ाने को कटिबद्ध हैं।



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

## ये जिन्दगी

ख्वाहिशों फरमाइशों पर
टिकी ये जिंदगी
वादों और इरादों की
भरमार है ये जिंदगी
रूठने और मनाने का
सिलसिला है जिंदगी
बातों और जज्बातों का
सैलाब है ये जिंदगी
दौलत और शोहरत का
एक खेल है जिंदगी
विश्वास अविश्वास के बीच
झूलती ये जिंदगी
रंजीशों व बंदिशों की
मारी हुई है ये जिंदगी
प्यार और तकरार में
उलझी रहती ये जिंदगी
उलझती सुलझती फिर
संभलती ये जिंदगी
आशा और निराशा में
बट चुकी ये जिंदगी
इन रिश्तो को बस
किश्तों में ढोती ये जिंदगी
अपनों के ख़्वाब सजाने में
गुज़रती ये जिंदगी
हकीकत है ज़मीं,
जरूरतों का आसमां ये जिंदगी
रश्क और अश्कों की
भरमार है ये जिंदगी
फिर भी हौसले और
जोश को थामे ये जिंदगी
कभी गिराती फिर उठाती ,
सिखाती ये जिंदगी



आशीष शर्मा
अमृत
जयपुर, राजस्थान

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# गंगा दशहरा-जल प्रतिष्ठा का त्यौहार है:अजय कुमार चतुर्वेदी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 मई 2023
(घटती-घटना)।

भारत में गंगा, गोदावरी,यमुना, सरस्वती,ब्रम्हपुत्र आदि महत्वपूर्ण नदियां हैं, जिन्हें प्राणदायनी माना जाता है। इनमें देव नदी गंगा भारतीयों के जीवन में धार्मिक आस्था से जुड़ी हुई है। और इसी से जुड़ा है गंगा दशहरा का पर्व और दशहरा मेला। सरगुजा अंचल में गंगा दशहरा पर्व बिल्कुल ही अनूठे ढंग से मनाया जाता है। इस अवसर पर यहां पांच दिनों तक मेला लगता है। यह पर्व यहां की लोक संस्कृति को समझने में सहायक है। गंगा दशहरा के संदर्भ में अजय कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि गंगा की उत्पति राजा भगीरथ ने अपने पूर्वजों की अस्थियों को विसर्जित करने के लिए कठोर तपरस्या कर गंगा को पृथ्वी पर अवतरित किया था। शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा, पृथ्वी लोक में अवतरित हुई थीं। इसलिए इस दिन गंगा दशहरा का पर्व, देवी गंगा को समर्पित त्योहार के रूप में मनाया जाता है। गंगा दशहरे के दिन से वर्षा का आगमन होने लगता है और दसों दिशाओं में हरियाली छाने लगती है। अतः इस दिन, वर्षा आगमन का स्वागत करते हुए खुशियां जाहिर की जाती हैं।

### गंगा दशहरा-जन्म नाल एवं कमल नाल का सम्बन्ध

छत्तीसगढ़ के सरगुजा अंचल में गंगा दशहरा का पर्व धूम-धाम से मनाया जाता है। सरगुजा वासियों की मान्यता है कि गंगा दशहरे के दिन पुरइन (कमल) के पत्ते से युक्त जलाशय में गंगा विराजती हैं। इसलिए इसी जलाशय को गंगा तुल्य मानकर इसकी पूजा-अर्चना की जाती है।

गंगा दशहरे के दिन किसी स्थानीय जलाशय में, साल भर आयोजित शुभ कार्यों से सम्बंधित सामान जैसे- विवाह का मौर, कक्कन, कलश, बच्चे के जन्म के समय का नाल व छटठी का बाल आदि को विसर्जित किया जाता है। इस दिन बैगा (पुरोहित) पूजा-अर्चना करवाता है। गंगा पूजन नारियल, सुपारी, फल-फूल और अगरबत्ती से किया जाता है।




गंगा दशहरा में कठपुतली विवाह विवाह संपन्न कराया जाता है

### गंगा दशहरे के दिन, दान का है विशेष महत्व

गंगा दशहरे के दिन, दान का है विशेष महत्व है इसलिए विसर्जित करने जाने के पूर्व गांव में सगे-संबधियों को निमंत्रित कर उन्हें तेल, कपड़ा, रोटी और यथाशक्ति रूपये दान देकर दशहरा मेला देखने जाने के लिए कहा जाता है। जलाशय में पुरइन (कमल) की जड़ के नीचे, बच्चे के जन्म के समय की नाल को गाड़ा जाता है। यह कार्य गांव का बैगा, पूजा करवाकर करता है। घर का जो व्यक्ति विसर्जित करने जाता है, वह उपवास रखता है। विसर्जित कर घर लौटने पर सगे-सबंधियों को भोज पर आमंत्रित किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि 'हम लोग अपने धार्मिक अनुष्ठानों के चीजों को गंगा में सेराना (विसर्जित करना) पुण्य मानते हैं किन्तु गंगा दूर है इसलिए किसी भी जलाशय को गंगा तुल्य मानकर, पूजा-अर्चना कर, शुभ कार्यों के सामान को विसर्जित कर पुण्य लाभ लेते हैं।'

### गंगा दशहरा और कठपुतली विवाह

कठपुतली का मंचन, प्राचीन मनोरंजक कार्यक्रमों में से एक है। सरगुजा अंचल में भी गंगा दशहरे के अवसर पर कठपुतली विवाह करने की प्रथा प्राचीन समय से है, जिसमें लकड़ी (काष्ठ) से गुडडे-गुड़िया बनाये जाते हैं और उनका विवाह संपन्न कराया जाता है। सरगुजा अंचल में प्रति वर्ष जेठ मास शुक्ल पक्ष की दशमी को गंगा दशहरा के अवसर पर गांव की कुंवारी लड़कियां घर वालों के सहयोग से कठपुतली का विवाह करती हैं। लकड़ी के गुड्डा-गुड्डी बनाकर तीन दिनों तक विवाह के सभी रस्मों का पालन करते हुए कठपुतली विवाह का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में घर के बड़े-बुजुर्ग विवाह के सभी रस्मों (मण्डप गाड़ने से विदाई तक) को बताने में सहयोग करते हैं। गांव की कुंवारी लड़कियां गुड्डे-गुड्डी की मां और लड़के, पिता की भूमिका अदा करते हैं। इस आयोजन का उद्देश्य घर के बच्चों को विवाह संस्कार की जानकारी देना और मनोरंजन करना है। कठपुतली विवाह के उपरांत गंगा दशहरे के दिन इन कठपुतलियों को जलाशय में विसर्जित कर दिया जाता है।

### गंगा दशहरा मेला और दशराहा गीत

जिला पुरातत्व संघ सूरजपुर के सदस्य राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता अजय कुमार चतुर्वेदी ने अताया कि सरगुजा अंचल में गंगा दशहरा - जल प्रतिष्ठा का मेला है।सरगुजा अंचल में गंगा दशहरा को गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है। सरगुजा अंचल में गंगा दशहरा के अवसर पर 5 दिनों तक मेले का आयोजन किया जाता है। दसराहा मेला मे पान की दुकानों का विशेष आकर्षण रहता है। क्योंकि इस दिन पान खाने का विशेष महत्व समझा जाता है। युवक-युवतिया पान खा कर छाता ओढ़कर '' दशराहा गीतों'' का गायन करती हैं। दशराहा गीतों में सवाल-जवाब किया जाता है। दसराहा गीत को धंधा गीता और उधुवा गीता भी कहा जाता है। यह सरगुजा अंचल के गंगा दशहरा मेले का विशेष आकर्षण होता है।

# साहित्यकारों के कलम में बहुत ताकत है:सोमनाथ यादव

» हिन्दी साहित्य परिषद का शानदार कवि सम्मेलन संपन्न

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 मई 2023
(घटती-घटना)।

हिन्दी साहित्य परिषद सरगुजा इकाई का शानदार कवि सम्मेलन होटल श्री लक्ष्मी में छत्तीसगढ़ हिन्दी साहित्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ यादव के मुख्य आतिथ्य, हिन्दी साहित्य परिषद जिलाध्यक्ष विनोद हर्ष की अध्यक्षता तथा डॉ सुधाकर बिबे जिलाध्यक्ष हिन्दी साहित्य परिषद बिलासपुर, पूर्व हिन्दी साहित्य जिलाध्यक्ष सरगुजा एस पी जायसवाल, वरिष्ठ शायर ऐ शहर यादव विकास, वरिष्ठ कवि डॉ सपन सिन्हा, वरिष्ठ कवियित्री मीना वर्मा, वरिष्ठ कवि रंजीत सारथी, अशोक गुप्ता, तथा पार्षद हरविंदर तिन्नी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कवियित्री पूर्णिमा पटेल के सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई तथा हिन्दी साहित्य परिषद की ओर से प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ जी का शॉल श्री फल भेंट कर सम्मान किया गया। तत्पश्चात साहित्यकारों, कवियों तथा कवयित्रियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंदी साहित्य परिषद प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ यादव ने कहा कि साहित्यकारों के कलम में बहुत ताकत है, साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को नई दिशा व संदेश देते हैं ये क्रम रुकना नहीं चाहिए। आगे उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि बिलासपुर में साहित्यकारों की संस्था बिलासा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मांग की कि बिलासपुर में बने एयरपोर्ट का नाम बिलासा रखा जाना चाहिए तब उन्होंने सैकड़ों आवेदनों को किनारे रखकर साहित्यकारों की मांगों को प्राथमिकता दी तथा एयरपोर्ट का नाम बिलासा रख दिया, ये है कलमकारों की ताकत। इस अवसर पर अपने स्वागत उद्बोधन में हिदी साहित्य परिषद जिलाध्यक्ष विनोद हर्ष ने कहा कि जिले तथा प्रदेश में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में हिन्दी साहित्य परिषद का महत्त्वपूर्ण योगदान है। साहित्यकारों को मंच देकर हिन्दी साहित्य परिषद ने न सिर्फ रचनाकारों की रचनाधर्मिता का सम्मान किया है बल्कि युवा रचनाकारों को भी अवसर देकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए सदैव प्रेरित किया है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पार्षद हरविंदर तिन्नी ने कहा कि साहित्यकार पूरे समाज को प्रेरणा देने का कार्य करते हैं समाज में इनका सर्वोच्च स्थान है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अशोक गुप्ता ने कहा कि साहित्यकार हमारी धरोहर हैं इन्हें सम्मान सहित प्रतिष्ठित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में कवि कवियित्रीयों ने अपनी शानदार रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कवि देवेन्द्र नाथ दुबे, मीना वर्मा, शायर ऐ शहर यादव विकास, डॉ सुधाकर बिबे, एस पी जायसवाल, डॉ सपन सिन्हा, रंजीत सारथी, अंजनी सिन्हा, राजेश पांडे, देव वंश दुबे, मुकुंद लाल साहू, अंचल सिन्हा, गीता द्विवेदी, उमाकांत पांडे, डॉ योगेन्द्र गहरवार, पूनम दुबे, पूर्णिमा पटेल, राजेन्द्र विश्वकर्मा, प्रताप पांडे, अंबरीश कश्यप, आनंद सिंह यादव, माधुरी जायसवाल, सीमा तिवारी, अजय श्रीवास्तव, दिनेशवर राव जाधव तथा अरुण कुमार तिवारी ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियाँ दी। कार्यक्रम का सफल संचालन हिन्दी साहित्य परिषद जिला महासचिव कवि संतोष सरल ने तथा आभार प्रदर्शन हिन्दी साहित्य परिषद जिला कोषाध्यक्ष अंचल सिन्हा ने किया। इस अवसर पर अजय तिवारी, राजनारायण द्विवेदी, बुधराम सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।




## जाइलो कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 मई 2023
(घटती-घटना)।

शहर के रिंग रोड में सोमवार की सुबह जाइलो कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। परिजन का कहना है कि कार पर शासन के किसी जनप्रतिनिधि का नेम प्लेट लगा हुआ था।

जानकारी के अनुसार मुकेश रावत उम्र 25 वर्ष शहर के रिंग रोड स्थित मिशन चौक के समीप का रहने वाला है। वह सोमवार की सुबह बाइक से प्रतापपुर चौक की ओर किसी काम से गया था और वापस लौट रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे जाइलो कार क्रमांक सजी 15 डीक्यू 6300 के चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना इतना जबरदस्त था कि बाइक के प्रखच्चे उड़ गए। वहीं युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया।

# टीपर की टक्कर से घायल बाइक सवार दो युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 मई 2023
(घटती-घटना)।

टीपर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। दोनों को इलाज के लिए बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरे घायल को बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पतल रेफर कर दिया था। यहां इलाज के दौरान दूसरे युवक की भी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामप्रसाद पिता स्व. राजाराम राजवाड़े उम्र 40 वर्ष कोरिया जिले के पटना थाना क्षेत्र के करंजी खालपरा का रहने वाला था। 27 मई को रामप्रसाद शादी का कार्ड बांटने शंकर राजवाड़े के साथ बाइक से निकला था। जेटासेमर सम्बोधा मेन रोड में टीपर क्रमांक सीजी 15 सीएम 5214 ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। दोनों को इलाज के लिए बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान शंकर राजवाड़े की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल रामप्रसाद को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान इसकी भी मौत हो गई।

# भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं में जबरदस्त ऊर्जा है:ओ पी चौधरी

## भाजपा सीतापुर,बतौली,नवानगर मंडल की बैठक सम्पन्न

- संवाददाता -
सीतापुर/बतौली,29 मई 2023
(घटती-घटना)।

बूथ सशक्तिकरण अभियान अंतर्गत भाजपा सीतापुर, बतौली व नवानगर मंडल की महत्वपूर्ण कार्यसमिति बैठक सोमवार को भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की अध्यक्षता व भाजपा जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे, विधानसभा प्रभारी उपेन्द्र यादव तथा भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री ओ पी चौधरी ने कहा कि भाजपा के बूथ के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त ऊर्जा है, हम आने वाला चुनाव जरूर जीतेंगे। बूथ सशक्तिकरण अभियान बूथ के कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का अभियान है, पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ता चुनाव के लिए कमर कस कर तैयार है। आगे उन्होंने भूपेश सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश की कॉंग्रेस सरकार घोटालों की सरकार है, रोज नए नए घोटाले सामने आ रहे हैं आम जनता मन बना चुकी है कि इस घोटालेबाज सरकार को उखाड़ कर फेंक देना है। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी ज्योति नंद दुबे ने कहा कि पूरे प्रदेश में कॉंग्रेस के खिलाफ़ माहौल बना हुआ है हमें बस जनता के बीच जाकर निवेदन करना है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा के बूथ के कार्यकर्ताओं को कॉंग्रेस के लोगों से घबराने की जरूरत नहीं है अब वो कुछ दिन के मेहमान हैं हमें उनका डटकर मुकाबला करना है। कार्यक्रम को सीतापुर विधानसभा प्रभारी उपेन्द्र यादव तथा मंडल अध्यक्ष श्रवण दास व राजू राम ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मैनपाट मंडल अध्यक्ष रजनीश पांडे ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री देवनाथ पैकरा, विनोद हर्ष, रोशन गुप्ता, प्रो गोपाल राम, राजा राम भगत, अनिल सिंह, बोध प्रसाद यादव सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 49.30 लाख की लागत से होगा मां महामाया प्रवेश द्वार का भव्य निर्माण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 मई 2023
(घटती-घटना)।

आस्था का केन्द्र मां महामाया प्रवेश द्वार निर्माण कार्य के संबंध में सोमवार को महापौर कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर डॉ. अजय तिर्की, सभापति अजय अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज सहित अन्य लोग शामिल रहे। बैठक में मां महामाया प्रवेश द्वार निर्माण कार्य एवं प्रस्तावित नक्शा, मानचित्र पर चर्चा की गई।




नगरपालिक निगम अंबिकापुर के समान्य सभा की बैठक में मां महामाया प्रवेश द्वारा निर्माण को लेकर निर्णय लिया गया था। इसके लिए शासन से राशि की भी स्वीकृति मिल गई है। वहीं निगम के सभी पार्षद अपने मद से व शहर के लोगों ने भी दान देने की सहमति दी है। इसी क्रम में सोमवार को महापौर कक्ष में बैठक आयोजित कर मां महामाया प्रवेश द्वार निर्माण कार्य के सम्बन्ध में प्रस्तावित नक्शा, मानचित्र पर चर्चा एवं सहमति की गई। इस दौरान लोक निर्माण प्रभारी शफी अहमद चिकित्सीय कारणों से बाहर रहने के कारण दूरभाष से महापौर से उपरोक्त कार्ययोजना की सहमति प्रदान की गई। उपरोक्त बैठक में सर्व सम्मति से 49.30 लाख रुपए से भव्य मां महामाया प्रवेश द्वार निर्माण कार्य हेतु प्रस्तुत नक्शा मानचित्र पर सहमति प्रदान की गई। साथ ही जल्द से जल्द भव्य प्रवेश द्वार बनाने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदाय किए गए हैं। मां महामाया मंदिर तक भव्य कॉरिडोर निर्माण हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में पार्षद परमवीर सिंह बाबरा, पार्षद आलोक दुबे, पार्षद मधुसूदन शुक्ला, पार्षद हरमिन्दर सिंह (टिन्नी), पार्षद विनोद एक्का, पार्षद सुभाष पैकरा, आर्किटेक्ट मनोज पाठक, कार्यपालन अभियन्ता संतोष रवि, राजेश राम, निकहत सबरीन इत्यादि उपस्थित थे।

# क्रेडा विभाग द्वारा खोदे गए गड्ढे में गिरने से बालक की मौत




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 मई 2023 (घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रनपुरकला स्थित प्राथमिक शाला माझापारा में क्रेडा विभाग द्वारा सौर्य ऊर्जा का प्लेट लगाने के लिए गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं। इस गड्ढे में रविवार को दो बालक गिर गए। परिजन द्वारा दोनों को बाहर निकाला गया और गंभीर एक बालक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दी।

जानकारी के अनुसार आरणव राजवाड़े पिता ताराचंद राजवाड़े उम्र 5 वर्ष गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मेन्ड्राखुर्द का रहने वाला था। आरणव पिछले 5 वर्ष से अपनी मां के साथ अपने नाना-नानी के घर ग्राम रनपुरकला में रह रहा था।

वहीं रनपुरकला स्थित प्राथमिक शाला माझापारा में क्रेडा विभाग के ठेकेदार द्वारा सौर्य ऊर्जा का प्लेट लगाने के लिए गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं। पिछले दिनों बारिश होने के कारण सभी गड्ढों में पानी भर गया है। रविवार की दोपहर आरणव अपने ममेरे भाई प्रिंस के साथ स्कूल के पास खेल रहा था। इस दौरान खेल-खेल में दोनों बालक क्रेडा विभाग के ठैकेदार द्वारा खोदे गए गड्ढे में जा गिरे। कुछ देर बाद जब दोलों बच्चे नहीं दिखाई दिए तो परिजन खोजते हुए स्कूल के पास पहुंचे। वहां एक गड्ढा में एक बच्चे का हाथ दिखाई दे रहा था। आरणव के मामा खेलावन राजवाड़े ने दोनों बालक को गड्ढे से बाहर निकाला। आरणव की स्थिति गंभीर होने पर उसे तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# यूक्रेन के सेनाध्यक्ष को लेकर रहस्य कायम, थम नहीं रहा है अफवाहों का सिलसिला



**कीव,29 मई 2023।** यूक्रेन के सेनाध्यक्ष वलेरी जलुझनी के खोज-खबर को लेकर रहस्य बढ़ता चला जा रहा है। जलुझनी यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सदस्य भी हैं। कई हफ्तों से वे सामने नहीं आए हैं। कुछ रोज पहले यूक्रेन सरकार ने उनका एक वीडियो जारी किया। इससे यह बताने की कोशिश की गई कि जलुझनी भले-चंगे हैं। लेकिन अनेक विश्लेषकों ने इस पर यकीन नहीं किया है।

इस बीच जलुझनी को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म रहा है। सबसे पहले खबर फैली कि वे लड़ाई में मारे गए हैं। तब कहा गया था कि पूर्वी यूक्रेन में किसी जगह पर किसी कमांड पोस्ट में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनकी बैठक हो रही थी, जिस पर रूस ने हमला कर दिया। बाद में अफवाह फैली कि जलुझनी जिंदा हैं, लेकिन उस हमले में वे बुरी तरह जख्मी हो गए और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

विश्लेषकों के मुताबिक इन अफवाहों के गर्म रहने के लिए यूक्रेन की सेना भी जिम्मेदार रही है। अगर उसने उनके बारे में स्पष्ट जानकारी दे दी होती, तो अफवाहों को बल नहीं मिलता। इस बीच यह खबर चर्चित है कि यूक्रेन जल्द ही रूस पर एक बड़े हमले की तैयारी में है। अमेरिका की उप विदेश मंत्री विक्टोरिया नुलैंड ने भी कहा है कि संभावित हमले के लिए अमेरिका और यूक्रेन संपर्क में हैं। इस खबर के बाद कहा गया कि जलुझनी इस हमले की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

इस बीच एक चर्चा यह गर्म हुई है कि जलुझनी यूक्रेन की मौजूदा ताकत के बीच रूस पर हमला करने को इच्छुक नहीं हैं। कई विश्लेषकों ने कहा है कि रूस की सेना यूक्रेन से बहुत बड़ी है और उसके बाद जो हथियार और उपकरण हैं, वे यूक्रेन के हथियारों से बेहतर हैं। जबकि एक खबर यह है कि यूक्रेन ने संभावित हमले के लिए 12 ब्रिगेड संगठित किए हैं, जिनमें नौ के पास अमेरिकी और यूरोपीय हथियार हैं।

कुछ दूसरी अफवाहें भी फैली हैं। इनमें कहा गया है कि इस समय यूक्रेन में सैन्य नेतृत्व और सरकारी नेताओं के बीच टकराव चल रहा है। युद्ध में यूक्रेन की सेना को हुए भारी नुकसान के बाद यह टकराव शुरू हुआ। अमेरिकी थिंक टैंक सेंटर फॉर सिक्युरिटी पॉलिसी में सीनियर फेलॉ स्टीफन ब्रायन ने अपने सब्सटैक ब्लॉग वीपंस एंड स्ट्रेटेजी में लिखा है कि यूक्रेन की वायु सेना बहुत कमजोर हो चुकी है। इसलिए उसकी थल सेना ने अगर अगला हमला किया, तो ऐसा उसे वायु सेना की मदद के बिना करना होगा। साथ ही उसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जाम किए गए युद्ध क्षेत्र में उतरना होगा, जहां संभव है कि पश्चिमी हथियार उतना कारगर नहीं हों, जितना बताया गया है।

समझा जाता है कि जलुझनी इस आशंका के कारण बड़ा हमला शुरू करने के पक्ष में नहीं हैं, जबकि राष्ट्रपति वोलोदोमीर जेलेन्स्की की सरकार इसके लिए कृत-संकल्प है। कुछ खबरों के मुताबिक सेना और सरकार के नेतृत्वों के बीच मतभेद बाखमुट की लड़ाई के दौरान उभरे। बताया जाता है कि सेना बाखमुट को बचाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने के पक्ष में नहीं थी। लेकिन सरकार ने सेना की सलाह के विपरीत फैसला लिया। इन चर्चाओं के बीचे जुलझनी सीन से गायब रहे हैं। इससे अफवाहें गर्म हुई हैं।

# चांद पर जल्द एस्ट्रोनॉट्स भेजने का चीन ने किया एलान,कल अंतरिक्ष की यात्रा पर जाएंगे तीन यात्री



**बीजींग,29 मई 2023।** चीन ने अंतरिक्ष क्षेत्र में सोमवार को बड़ा दावा किया है। चीन ने कहा है कि 2030 तक चंद्रमा पर अपने एस्ट्रोनॉट्स भेजने की तैयारी कर रहा है। पश्चिमी देशों के साथ अंतरिक्ष की लड़ाई में चीन का दावा काफी अहम माना जा रहा है। परमाणु और सैनिकों के बाद चीन अंतरिक्ष में भी अपनी ताकत दिखाने की तैयारी में जुट गया है।

### पहले भी चांद पर रोवर भेज चुका है चीन

मंगोलिया के जियुक्रान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर में चीन मानव अंतरिक्ष एजेंसी के उप निदेशक लिन शिकियांग ने सोमवार को अपने 2030 मिशन के बारे में जानकारी देते हुए एस्ट्रोनॉट्स भेजने की घोषणा की। बता दें, मंगलवार को चीन अंतरिक्ष यात्रियों के तीसरे जत्थे को अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजने की तैयारी कर रहा है। ली ने बताया कि अपने तीनों एस्ट्रोनॉट्स को तियांगोंग स्पेस स्टेशन ले जाया जाएगा। चांद पर एक रोवर चीन पहले ही भेज चुका है।

### इन मिशन को चंद्रमा में सफलतापूर्वक किया जाएगा पूरा

चंद्रयान मिशन के बारे में जानकारी देते हुए ली ने बताया कि मिशन में एस्ट्रोनॉट्स का चांद तक आना जाना, लूनर सतह पर कुछ दिनों तक रुकना, लैंडिंग, रोविंग, सैंपलिंग, जांच सहित अन्य कामों को सफलतापूर्वक पूरा करना है। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने मार्च 2021 में कहा था कि चंद्रमा की सतह पर चीन के साथ, या फिर कक्षा में या फिर दोनों क्षेत्रों में अनुसंधान सुविधाओं को विकसित करने के लिए समझौता किया गया है।

### कौन तीन यात्री मंगलवार को करेंगे अंतरिक्ष की यात्रा

चीन मंगलवार को अपने तीन अंतरिक्ष यात्री जिंग हैपेंग, झू यांग्झू और गुई हाइचाओ को अंतरिक्ष स्टेशन की परिक्रमा करने के लिए चुना गया है। शेनझोउ-16 अंतरिक्ष यान से तीनों अंतरिक्ष के लिए रवाना होंगे। जिंग पहले चीनी यात्री हैं, जो चौथी बार अंतरिक्ष की यात्रा करेंगे। जिंग ने 2008 में शेनझोउ-7, 2012 में शेनझोउ-9 और 2016 में शेनझोउ-11 क्रू की कमान संभाली थी। जबकि, झू और गुई अपनी पहली यात्रा पर अंतरिक्ष मिशन पर जा रहे हैं।

# ब्रिटेन ने टीपू सुल्तान की बंदूक के निर्यात पर लगाई रोक



**लंदन 29 मई, 2023।** ब्रिटेन ने मैसूरु के शासक टीपू सुल्तान के लिए बनाई गई 18वीं सदी की एक बंदूक के निर्यात पर रोक लगा दी है। इस फ्लिंटलॉक बंदूक की कीमत 20 लाख पाउंड है। सरकार चाहती है कि इसका खरीददार ब्रिटेन से ही हो ताकि इसे सार्वजनिक अध्ययन और शिक्षा के लिए देश में ही रखा जा सके। शूटिंग खेलों के लिए डिजाइन की गई 14-बोर की बंदूक भारत में असद खान मुहम्मद ने 1793 और 1794 के बीच टीपू सुल्तान के लिए बनाई थी।

यह बंदूक 138 सेंटीमीटर लंबी है और मजबूत लकड़ी से बनी है। इस पर चांदी की जड़ी गई है। इस बैरल स्टील से बना है जिसे छेनी से काटकर उसमें सोना और चांदी भरी गई है।

व्हिटली बे के कला और विरासत मंत्री लॉर्ड पार्कि सन ने टीपू सुल्तान की फ्लिंटलॉक स्पोर्टिंग गन के निर्यात पर इस उम्मीद में रोक लगाई है कि इसे ब्रिटेन में सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए रखा जा सके।

पार्कि सन ने कहा, यह दिखने में आकर्षक बंदूक अपने-आप में एक महत्वपूर्ण प्राचीन वस्तु है। साथ ही ब्रिटेन और भारत के बीच महत्वपूर्ण, साझा इतिहास का एक उदाहरण है।

उन्होंने कहा, मुझे आशा है कि इसे अधिक से अधिक लोगों के साथ साझा किया जा सकता है और एक भयानक काल, जिसने हमारे दोनों देशों को आकार दिया, की हमारी समझ को गहरा करने के लिए उपयोग किया जाता है।

मैसूरु के टाइगर के रूप में मशहूर टीपू सुल्तान एंग्लो-मैसूर युद्धों के दौरान ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और उसके सहयोगियों के एक धुर विरोधी थे। वह 4 मई, 1799 को श्रीरंगपट्टम (श्रीरंगपटना) के अपने गढ़ की रक्षा करते हुए मारे गए थे।

# पाकिस्तान के मंत्री ने दिया संकेतः अगर इमरान 9 मई को हुई हिंसा के लिए मांगे माफी,तो सरकार बात करने को तैयार



**इस्लामाबाद , 29 मई 2023।** पाकिस्तान में लगातार सियासी बवाल मचा हुआ है। इस बीच, पाकिस्तान के वित्तमंत्री इशाक डार ने संकेत दिया है कि देश में जारी सियासी गतिरोध को दूर करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से बातचीत कर सकते हैं। हालांकि, उन्होंने इसके लिए शर्त रखी है की इमरान अपनी गलतियों को ठीक करने के लिए कदम उठाएं और नौ मई को हुई हिंसा के लिए देश से माफी मांगें।

उल्लेखनीय है कि इमरान खान की इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से हुई गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने देशभर में हिंसक प्रदर्शन किया था और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था।

डार ने रविवार को ऐसे समय में ये संकेत दिया है जब सत्तारूढ़ गठबंधन पहले ही खान की वार्ता की पेशकश को यह कहकर ठुकरा चुका है कि बातचीत नेताओं से होती है न कि आतंकवादियों से।

गौरतलब है, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने नौ मई की हिंसा के मामले में प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर की जा रही कार्रवाई के बीच सरकार से चुनाव की तारीखों पर वार्ता के लिए सात सदस्यीय समिति गठित की है। उल्लेखनीय है कि पीटीआई के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की वजह से पार्टी अस्तित्व के संकट से गुजर रही है और कई वरिष्ठ नेता रोजाना दल को छोड़ रहे हैं।

डार ने कहा कि अगर वह सुधारात्मक कदम उठाते हैं और नौ मई की हिंसा के लिए देश से माफी मांगते हैं तो बातचीत हो सकती है। डार ने रेखांकित किया कि नौ मई की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से पहले सरकार और पीटीआई के प्रतिनिधि 'गंभीरता' से बातचीत कर रहे थे और चुनाव की तारीखों को छोड़ बाकी सभी मुद्दों पर सहमति बन गई थी।

मंत्री ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन सभी का अधिकार है, लेकिन सैन्य प्रतिनिष्ठानों पर हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

# हिरासत में इमरान समर्थक कार्यकर्ताओं से बलात्कार का मुद्दा गरमाया



**इस्लामाबाद ,29 मई 2023।** पाकिस्तान में पहले से सुलगते माहौल में हिरासत में बलात्कार का मामला और गरमा गया है। आरोप है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की गिरफ्तार की गई महिला कार्यकर्ताओं से जेलों में बलात्कार किया गया है। इन कार्यकर्ताओं को नौ मई को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

यह मामला रविवार को उस समय और चर्चा में आ गया, जब गृह मंत्री राना सनाउल्लाह ने जल्दबाजी में एक प्रेस कांफ्रेंस बुलाई। उसमें सनाउल्लाह ने दावा किया कि पीटीआई के कार्यकर्ता फर्जी मुठभेड़ों और अपने कार्यकर्ताओं से बलात्कार के मामले उछालने की तैयारी में हैं। उन्होंने कहा कि खुफिया एजेंसियों ने पीटीआई कार्यकर्ताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत को इंटरसेप्ट किया (खुफिया ढंग से सुना)। उससे यह बात मालूम हुई है।

सनाउल्लाह ने कहा कि इंटरसेप्ट हुई बातचीत में पीटीआई कार्यकर्ताओं को यह बात करते सुना गया कि वे खुद अपनी पार्टी कार्यकर्ताओं के घर पर फायरिंग करेंगे। उन घटनाओं में हताहत हुए लोगों को लेकर वे मानव अधिकार हनन का मसला उछालेंगे। साथ ही खुद बलात्कार कर उन घटनाओं का आरोप सुरक्षा एजेंसियों पर लगाएंगे और इसकी जानकारी वे अंतरराष्ट्रीय मीडिया को देंगे।

लेकिन गृह मंत्री ने यह नहीं बताया कि वह कथित बातचीत किन व्यक्तियों के बीच हो रही थी। लेकिन उनके इस बयान के बाद इमरान खान को अपना यह आरोप दोहराने का मौका मिल गया कि पीटीआई की महिला कार्यकर्ताओं के साथ जेलों में बलात्कार की घटनाएं हुई हैं। लाहौर स्थित अपने निवास जमान पार्क पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इमरान खान ने कहा- 'सनाउल्लाह की प्रेस कांफ्रेंस के बाद अब मेरे मन में कोई संदेह नहीं बचा है कि पीटीआई की महिला कार्यकर्ताओं के साथ जेलों में कैसा सलूक किया जा रहा है। हमें उनके साथ बलात्कार होने की खबरें भी मिली हैं।'

इमरान खान ने कहा कि सनाउल्लाह के बयान का अर्थ यह है कि या तो ये लोग डरे हुए हैं कि रिहा होने पर ये महिलाएं वो सारी कहानियां दुनिया को बता देंगी, जो उनके साथ हुआ है और इसलिए वे पहले से माहौल बना रहे हैं। या फिर वे इस बात से भयभीत हैं कि उन्होंने कुछ ऐसा किया है, जिसे संभालना अब वश में नहीं रहा और इसलिए एक कहानी तैयार कर रहे हैं, जिससे पीटीआई के कार्यकर्ताओं को ही षड्यंत्रकारी बताया जा सके।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक पाकिस्तान में इस समय जैसे तनाव और अविश्वास का माहौल है, उसके बीच षड्यंत्र की कहानियों पर लोग सहज यकीन कर रहे हैं। इनसे दोनों पक्षों में एक दूसरे से दुराव बढ़ता जा रहा है। पीटीआई का आरोप है कि नौ मई को पुलिस फायरिंग की घटनाओं में 25 से ज्यादा लोग मारे गए, लेकिन उन घटनाओं की कोई जांच नहीं कराई गई है।

इस बीच सत्ताधारी पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) बातचीत से मसले का हल निकालने की इमरान खान की पेशकश को ठुकरा दिया है। इससे संकेत गया है कि सेना के समर्थन से पीडीएम सरकार पीटीआई कार्यकर्ताओं के दमन की नीति को अभी और आगे बढ़ाएगी।

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्रियों ने भारत यात्रा से पहले पीएम दहल पर बढ़ाया दबाव



**काठमांडो,29 मई 2023।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्रियों ने मांग की है कि प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल अपनी अगली भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने इमिनेंट पर्सन्स ग्रुप (ईपीजी) की रिपोर्ट को स्वीकार करने और दोनों देशों के बीच सीमा विवाद का मसला जरूर उठाएं। गणमान्य नागरिकों की समिति (ईपीजी) दोनों के बीच संबंध की दिशा पर सुझाव देने के लिए 2018 में बनाई गई थी।

आरोप है कि भारत इसकी रिपोर्ट को ग्रहण करने में अनुच्छुक बना हुआ है। इस समिति में दोनों देशों के चार-चार सदस्य थे।

दहल 31 मई से भारत यात्रा पर जा रहे हैं। एक जून को नई दिल्ली में उनकी मुलाकात मोदी से होगी। पिछले दिसंबर में प्रधानमंत्री बनने के बाद से यह उनकी पहली भारत यात्रा है। इस यात्रा के बारे में सुझाव लेने के लिए उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्रियों को आमंत्रित किया था। दहल ने इस सिलसिले में पूर्व प्रधानमंत्रियों शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली, झलानाथ खनाल और बाबूराम भट्टराई से बातचीत की। इस बैठक के दौरान कई पूर्व विदेश मंत्री भी उपस्थित रहे। इसके अलावा दहल ने भारत में राजदूत रह चुके नेपाली राजनयिकों से भी राय-मशविरा किया है।

भारत में नेपाल के राजदूत रह चुके दुर्गेश मान सिंह ने कहा कि नेपाल के प्रधानमंत्री जब भारत जाते हैं, तो उन्हें वहां सिर्फ मांगों की लंबी लिस्ट पेश नहीं करनी चाहिए। उन्हें ऐसा संकेत देने से बचना चाहिए कि नेपाल सिर्फ दूसरे देशों से सिर्फ मदद मांगता है। बाकी नेताओं ने जो सुझाव भी दिए, उनमें भी कुल मिला कर इसी तरह की बातें थीं।

केपी शर्मा ओली ने अपनी बात को मुख्य रूप से ईपीजी रिपोर्ट, सीमा विवाद और पंचेश्वर पनबिजली परियोजना पर केंद्रित रखा। ओली के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के वरिष्ठ नेता और पूर्व विदेश मंत्री प्रदीप गयावली ने कहा- 'हमने प्रधानमंत्री को सुझाव दिया है कि भारतीय प्रधानमंत्री के साथ बातचीत के दौरान अपने अपने को आधा दर्जन मुद्दों तक सीमित रखें। इनमें ईपीजी रिपोर्ट को प्राप्त करना, और नेपाल को लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी इलाकों का उपयोग करने देना प्रमुख हैं। हमने प्रधानमंत्री से कहा है कि राष्ट्रीय मुद्दे पर दो-टूक बातचीत करके वे आपसी संबंधों में भरोसे का माहौल बनाएं।'

प्रधानमंत्री के साथ भारत जा रहे दल में चार दर्जन मंत्री और सरकारी अधिकारी शामिल होंगे। दहल तीन जून तक भारत में रहेंगे। प्रधानमंत्री निवास में हुई बैठक के दौरान पूर्व प्रधानमंत्रियों और अन्य राजनेताओं ने दहल से कहा कि वे भारत के सामने नेपाल की चिंताओं को आत्म-सम्मान की भावना के साथ व्यक्त करें, ताकि दोनों देशों के बीच सद्भावपूर्ण और भरोसे का संबंध बन सके।

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड सोशलिस्ट) की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री झलानाथ खनाल 19 सूत्री सुझाव दहल को सौंपे। इनमें सीमा विवाद को हल करना, 1950 की संधि की समीक्षा, ईपीजी रिपोर्ट को स्वीकार करना और नेपाल का व्यापार घाटा कम करना शामिल है।

विश्लेषकों के मुताबिक ये सभी विवादित मुद्दे हैं। पूर्व प्रधानमंत्रियों ने इन पर जोर डाल कर दहल पर दबाव बनाने की कोशिश की है। संकेत हैं कि दहल अपनी भारत यात्रा को विवाद से दूर रखने की कोशिश में हैं, जबकि पूर्व प्रधानमंत्रियों ने ऐसी सूरत बनाने की कोशिश की है, जिससे यात्रा से लौटने के बाद उनकी पार्टियां दहल को उग्र राष्ट्रवादी मुद्दों से घेर सकें।

# पुतिन से मुलाकात के तुरंत बाद बेलारूस के राष्ट्रपति अस्पताल में भर्ती, जहर देने की आशंका



**मॉस्को , 29 मई 2023।** बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंकों को मॉस्को के एक अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। लुकाशेंको रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने मॉस्को पहुंचे थे लेकिन पुतिन से मुलाकात के तुरंत बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


जहर देने की आशंका

बेलारूस में विपक्ष के नेता वालेरी सेपकालो ने बताया कि लुकाशेंकों को तबीयत खराब होने के बाद मॉस्को के सेंट्रल क्लीनिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि लुकाशेंको और पुतिन के बीच बंद कमरे में बातचीत हुई थी, जिसके बाद लुकाशेंको की तबीयत बिगड़ गई। सेपकालो ने बताया कि रूस के शीर्ष डॉक्टर लुकाशेंको का इलाज कर रहे हैं लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सेपकालो ने जानकारी दी कि लुकाशेंको के खून को साफ करने की प्रक्रिया चल रही है। बता दें कि आमतौर पर शरीर में जहर पहुंचने के बाद खून को साफ करने की प्रक्रिया की जाती है। यही वजह है कि लुकाशेंको को जहर देने की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

**पुतिन के करीबी हैं लुकाशेंको**

बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का बेहद करीबी माना जाता है। इससे पहले रूस के विक्ट्री डे परेड में भी लुकाशेंको शामिल हुए थे। हालांकि वह परेड खत्म होते ही अपने देश रवाना हो गए थे। लुकाशेंको की तबीयत भी बीते काफी समय से खराब चल रही है। हालांकि लुकाशेंको ने दावा किया था कि सब ठीक है और वह जल्द ही इससे उबर जाएंगे।

# नीदरलैंड ने रूसी राष्ट्रपति के पूर्व दामाद की जमीन की जब्त



**मास्को,29 मई 2023।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चर्चा का पात्र बने रहते हैं। कभी यूक्रेन पर किए जा रहे युद्ध को लेकर तो कभी किसी मामले को लेकर वह सुर्खियों में बने रहते हैं। अब रूसी राष्ट्रपति अपने पूर्व दामाद को लेकर खबरों में आ गए। दरअसल, नीदरलैंड में पुतिन के पूर्व दामाद की जमीन के एक हिस्से को अधिकारियों ने जब्त कर लिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, डच में ली गई जमीन की रजिस्ट्री से संबंधित एक दस्तावेज से खुलासा हुआ है कि वित्तीय, आर्थिक और पर्यावरण संबंधी अपराधों के लिए राष्टीय लोक अभियोजक के कार्यालय द्वारा 12 मई को भूमि के हिस्से को जब्त कर लिया गया था। बताया जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति की बड़ी बेटी मारिया वोरोन्त्सोवा के पूर्व पति और डच व्यवसायी जोरिट फासेन ने डुइवेंड्रेक्ट (ड्ढह्वद्ब1द्गठ्ठस्रह्लद्गष्द्धह्) में एक प्लॉट खरीदा था। दस्तावेजों से पता चला कि एक आपराधिक जांच के हिस्से के रूप में जमीन को जब्त कर लिया गया है। वहीं, सूत्रों की माने तो फासेन हाल ही में जब नीदरलैंड के शिफोल हवाई अड्डे पर पहुंचे, तो अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी।

कहा जा रहा है कि जांचकर्ताओं को संदेह हुआ था कि फासेन पूछताछ से बच रहे हैं। इसी को लेकर उनसे पूछताछ की और उनका लैपटॉप व मोबाइल फोन जब्त कर लिया। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के तुरंत बाद ही वह मास्को लौट आए। वहीं, जब पत्रकारों ने फासेन से मामले में उनका पक्ष जानना चाह तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

बताया जा रहा है कि जोरिट फासेन मास्को में रहते हैं और उन्होंने दो साल पहले डुइवेंड्रेक्ट भूमि पर निर्माण की अनुमति के लिए आवेदन किया था। हालांकि, व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन में युद्ध शुरू करने के बाद उनका परमिट रोक दिया गया था।

गौरतलब है, रूसी हमलों से यूक्रेन में हर तरफ तबाही ही तबाही है। इस बीच व्लादिमीर पुतिन की दोनों बेटियों के खिलाफ अमेरिका और यूरोपीय संघ ने प्रतिबंध लगा दिया था। अमेरिका की ओर से पुतिन की बेटियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का मुख्य मकसद रूसी राष्ट्रपति को ही निशाना बनाना बताया गया।

### मारिया और कैटेरीना हैं बेटियां

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो बेटियां हैं। इनके नाम कैटेरीना और मारिया है। ये दोनों बेटियां उनकी पहली पत्नी ल्यूडमिला की संतान हैं। पुतिन की बड़ी बेटी का नाम मारिया व्लादिमीरोवना वोरोत्सोवा है जबकि दूसरी बेटी का नाम कैटेरीना व्लादिमीरोवना तिखोनोवा है। बताया जाता है कि ल्यूडमिला से पुतिन ने तलाक ले लिया था।

### क्या करती हैं पुतिन की बेटियां?

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन की बड़ी बेटी डॉ. मारिया रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय में नेशनल मेडिकल रिसर्च सेंटर फॉर एंडोक्रोनोलॉजी डिपार्टमेंट में प्रमुख रिसर्चर हैं। रूसी और पश्चिमी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मारिया ने डच बिजनेसमैन जोरिट जोस्ट फासेन से शादी की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उनके पूर्व पति गजप्रॉमबैंक के लिए काम करते हैं। दंपति का दस का बेटा है।

CMYK

# Air India हर महीने 550 केबिन क्रू और 50 पायलटों को दे रही नौकरी,जल्द ही फ्लीट में शामिल होंगे 470 नए विमान

**नई दिल्ली,29 मई 2023।** ऑटो डेस्क। एयर इंडिया के प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने हाल ही में बड़ी घोषणा की है। उनका कहना है कि एयरलाइन हर महीने 550 केबिन क्रू सदस्यों और 50 पायलटों को भर्ती कर रही है। वहीं, कैंपबेल विल्सन ने कहा कि एयरलाइन में जल्द ही 6 वाइड बॉडी वाले A350 विमानों को इस साल के अत तक कंपनी के बेड़े में शामिल किया जाएगा।

पिछले साल जनवरी में भारत सरकार से बागडोर संभालने के बाद, टाटा समूह ने घाटे में चल रही कंपनी की किस्मत को बदलने के लिए कई उपाय किए हैं, जिसमें 470 विमानों के लिए सबसे बड़ा ऑर्डर देना और अंतरराष्ट्रीय परिचालन का विस्तार करने जैसे बड़े फैसले शामिल हैं। इससे संबंधित उन्होने कई सारी जानकारी दी हैं, आइए जान लेते हैं।

एयर इंडिया का हो रहा है विस्तार

एयरलाइन की हायरिंग योजनाओं के बारे में बात करते हुए कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ विल्सन ने कहा कि इसको लेकर कोई लक्ष्य नहीं है, लेकिन लगभग 550 केबिन क्रू सदस्य और 50 पायलट हर महीने नए सिरे से प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि केबिन क्रू सदस्यों के मामले में यह लगभग दस गुना है और पायलटों के मामले में यह पूर्व-निजीकृत एयरलाइन की वार्षिक दर से लगभग पांच गुना है।

उन्होने कहा कि भर्ती की यह गति इस वर्ष के अधिकांश समय तक जारी रहेगी और फिर इस वर्ष के अंत तक कम हो जाएगी। उनका कहना है कि इसके बाद 2024 के अंत तक ये फिर से तेज हो जाएगी।



बेड़े में शामिल होंगे 470 नए विमान

वर्तमान में, एयर इंडिया के पास 122 विमान हैं और वह अपने बेड़े का विस्तार कर रही है। एयरलाइन को इस साल के अंत तक छह A350 और आठ क्र777 विमान मिलने की उम्मीद है। अब तक कंपनी ने 9 बी777 विमान लीज पर लिए हैं। फरवरी में, एयर इंडिया ने घोषणा की कि वह अलग-अलग सौदों के तहत यूरोपीय विमानन कंपनी एयरबस से 40 वाइड-बॉडी A350 विमानों सहित 250 विमान और अमेरिकी विमान निर्माता बोइंग से 220 विमान खरीदेगी। इस ऑर्डर में 40 एयरबस ए350, 20 बोइंग 787एस और 10 बोइंग 777-9एस वाइड-बॉडी एयरक्राफ्ट के साथ-साथ 210 एयरबस ए320/321 नियोस और 190 बोइंग 737 मैक्स सिंगल-आइसल एयरक्राफ्ट शामिल हैं।

### 20 हजार लोगों को मिली नौकरी

एयर इंडिया एक्सप्रेस, एयरएशिया (अब AIX कनेक्ट के रूप में जाना जाता है) और विस्तारा को एयर इंडिया के साथ विलय की प्रक्रिया की पृष्ठभूमि के खिलाफ, विल्सन ने कहा कि वे समेकन के प्रति भी संवेदनशील हैं जो विनियामक अनुमोदन के अधीन है। उन्होने कहा कि हम इस बात पर विचार कर रहे हैं कि हम चार एयरलाइनों के साथ मौजूद लोगों के अनुसार बाहर से किसे ला रहे हैं।

सभी चार एयरलाइनों को एक साथ रखने वाले कर्मचारियों की संख्या क्या हो सकती है, इस पर विल्सन ने कहा कि विकास रणनीति के हिस्से के रूप में काम पर रखे गए लोगों को छोड़कर ये संख्या लगभग 20 हजार होगी।

## ओला ने शुरू की नई सर्विस, अब राइड कैंसिल नहीं कर सकेंगे कैब ड्राइवर

**नई दिल्ली,29 मई, 2023।** ओला इलेक्ट्रिक ने नई सर्विस शुरू की है, ओला के सीईओ भाविश अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर प्राइम प्लस सर्विस का ऐलान किया। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि नई सर्विस से यूजर्स को %बेस्ट ड्राइवर और टॉप कार' का फायदा मिलेगा। ये एक प्रीमियम सर्विस है, जिसमें ड्राइवर द्वारा बुकिंग कैंसिल करने का झंझट नहीं रहेगा। इसका मतलब है कि आपको इस बात की टेंशन नहीं रहेगी कि कोई ड्राइवर बुकिंग कैंसिल कर देगा। भाविश ने बेंगलुरु में नई कैब सर्विस की शुरुआत की है।



हालांकि, उन्होंने बुकिंग का एक स्क्रीनशॉट जरूर शेयर किया है। इसमें देखकर लगता है कि ओला की नई सर्विस के तहत ट्रिप की कीमत मिनी और प्लेटफॉर्म की दूसरी कैब के मुकाबले कम रह सकती है।

यूजर्स ओला पर मिनी, ऑटो और बाइक के अलावा दूसरी कैब भी बुक कर सकते हैं। इनमें प्राइम सिडैन, प्राइम एसयूवी और ओला रेंटल्स जैसी सर्विस शामिल हैं।

इस साल फरवरी में अग्रवाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की खूब बढ़ाई की थी। उन्होंने कहा था इस फील्ड में इंडिया को बढ़त लेनी चाहिए। उन्होंने इस दावे को भी खारिज किया कि इस तरह की टेक्नोलॉजी के आने से नौकरी छूट जाएगी। वो इसे प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के तौर पर देखते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ढ्ढ से प्रोडक्टिविटी 10 गुना तक बढ़ सकती है।

जनवरी 2023 में ओला ने कंपनी में सुधार करते हुए टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट टीम से करीब 200 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जिन लोगों को नौकरी से निकाला गया वे ओला कैब, ओला इलेक्ट्रिक और ओला फाइनेंशियल सर्विसेज में काम करते थे।

## ग्लोबल स्टॉक मार्केट में भारत बना 5 वां सबसे बड़ा बाजार,फ्रांस को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली, 29 मई 2023।** भारतीय शेयर बाजार के लिए आज फिर खुशी का दिन है और एक बार फिर बड़ा मुकाम देश के स्टॉक मार्केट ने हासिल कर लिया है. भारतीय शेयर बाजार एक बार फिर दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा स्टॉक मार्केट बन गया है. ग्लोबल स्टॉक मार्केट की रैंकिंग में भारत ने फ्रांस को पीछे छोड़कर ये स्थान हासिल किया है. जनवरी में फ्रांस ने भारत को छठे स्थान पर पीछे छोड़ दिया था और पांचवें स्थान पर कब्जा कर लिया था.

**जनवरी में भारत को फ्रांस ने छोड़ा था पीछे**

दरअसल जनवरी 2023 में अडानी शेयरों की जबरदस्त गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार के मार्केट कैपिटलाइजेशन में जोरदार गिरावट आई थी जिसके बाद भारतीय बाजार फ्रांस से पीछे हो गए थे. पर हाल में देखी गई अडानी शेयरों की रिकवरी से इंडियन स्टॉक मार्केट ने अपने खोया रुतबा हासिल कर लिया है और फिर से दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा स्टॉक मार्केट हो गया है.

**भारत के शेयर बाजार का मार्केट कैपिटलाइजेशन 3.3 खरब डॉलर पर आया**

बीते शुक्रवार को भारत के शेयर बाजार का मार्केट कैपिटलाइजेशन 3.3 खरब डॉलर पर आ गया. इसके पीछे अडानी शेयरों में आई जोरदार तेजी और विदेशी फंड्स की जबरदस्त खरीदारी का हाथ



रहा. वहीं पांचवे स्थान के बाजार फ्रांस ने बीते हफ्ते अपनी मार्केट वैल्यू में से 100 अरब डॉलर से ज्यादा गंवाए. इसके पीछे वजह ये रही कि फ्रांसीसी बाजार में लग्जरी गुड्स निर्माता ल्डूक्र से जुड़े शेयरों में भारी बिकवाली देखी गई. ये मुख्य रूप से अमेरिका और चीन में आर्थिक मंदी की आशंका के चलते देखी गई और इसका असर फ्रांस के शेयर बाजार पर भी देखा गया.

**चीन में लड़खड़ाते आर्थिक सुधारों से भारत को फायदा हुआ**

चीन में लड़खड़ाते आर्थिक सुधारों से भारत को फायदा हो रहा है. इसके आधार पर विदेशी फंडों को एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में से भारतीय शेयरों में पैसा लगाते हुए देखा जा रहा है. विदेशी निवेशकों ने अप्रैल की शुरुआत से भारत के शेयरों में 5.7 बिलियन डॉलर जोड़े हैं जो यहां के स्टॉक मार्केट के लिए बड़ा कोष साबित हो रहा है. भारत ने हाल में दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच उच्चतम जीडीपी विकास दर के मिलने से मदद हासिल की है और यहां स्थिर आय वृद्धि का माहौल विदेशी निवेशकों के साथ घरेलू निवेशकों को भी पैसा लगाने के लिए प्रेरित कर रहा है.

**सेंसेक्स ने दिखाई 9 फीसदी की रिकवरी**

एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स ने मार्च के मध्य में गोता लगाने के बाद रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद होने के बाद 9 फीसदी से अधिक की वापसी दिखाई है. अडानी समूह के भाग्य में एक पलटाव ने मार्केट की तेज गति को और बढ़ा दिया जब एक अदालत द्वारा नियुक्त पैनल ने कहा कि उसे स्टॉक की कीमत में हेरफेर का कोई निर्णायक सबूत नहीं मिला, जैसा कि यूएस शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने जनवरी में अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था.

**अडानी कंपनियों के शानदार प्रदर्शन से मिली सहायता**

अडानी की 10 लिस्टेड फर्मों ने पिछले हफ्ते अपने मार्केट कैपिटलाइजेशन में लगभग 15 बिलियन डॉलर जोड़े हैं. हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद उनका घाटा पहले के 153 बिलियन डॉलर के उच्च स्तर से 105 बिलियन डॉलर तक कम हो सकता है.

## बढ़ सकता है केंद्रीय कर्मचारियों का DA, फिटमेंट फैक्टर में बढ़ोतरी के आसार

**नई दिल्ली, 29 मई 2023।** मोदी सरकार जल्द केंद्रीय कर्मचारियों को डीए में बढ़ोतरी का तोहफा दे सकती है। इस का एलान भविष्य में होने वाली केंद्रीय कैबिनेट की बैठक के बाद हो सकता है। हालांकि, केंद्र सरकार की ओर से इस पर कोई भी आधिकारिक बयान नहीं आया है।

**कितनी हो सकती है डीए में बढ़ोतरी?**

रिपोर्ट्स के आधार पर बात की जाए तो 3 प्रतिशत से लेकर 4 प्रतिशत की केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी हो सकती है। ये बढ़ोतरी एक जुलाई, 2023 से लागू हो सकती है।

मौजूदा समय में 42 प्रतिशत का डीए केंद्रीय कर्मचारियों को दिया जा रहा है। अगर डीए में बढ़ोतरी 3 प्रतिशत की होती है तो जुलाई से केंद्रीय कर्मचारियों को 45 प्रतिशत डीए मिलेगा और वहीं, 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने पर 46 प्रतिशत डीए कर्मचारियों को मिलेगा।



**पिछली बार कब हुई थी बढ़ोतरी?**

इस साल मार्च में केंद्रीय कैबिनेट ने कर्मचारियों का डीए बढ़ाने का फैसला किया था। उस समय डीए और डीआर को 4 प्रतिशत बढ़ाकर 38 से 42 प्रतिशत कर दिया गया था। ये बढ़ोतरी एक जनवरी, 2023 से लागू हुई थी।

बता दें, डीए में बढ़ोतरी का फायदा 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 70 लाख पेंशनभोगियों को दिया जाता है। डीए केंद्रीय कर्मचारियों को दिया जाता है, जबकि डीआर पेंशनभोगियों को दिया जाता है।

**क्या फिटमेंट फैक्टर बढ़ेगा?**

फिटमेंट फैक्टर का इस्तेमाल केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी को कैलकुलेट करने के लिए किया जाता है। मौजूदा समय में फिटमेंट फैक्टर 2.57 है। इसका मतलब है कि बेसिक सैलरी न्यूनतम वेतन का 2.57 गुना होगी। इसके 3.68 होने की बात कही जा रही है, लेकिन इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# हेल्थ

## आपकी नसों में ब्लॉकेज-क्षति का कारण बन सकती है इन विटामिन्स की कमी,कुछ बीमारियों के कारण भी इसका खतरा

शरीर के तमाम कार्यों के बेहतर ढंग से संचालन में नसों-तंत्रिकाओं की विशेष भूमिका होती है। नसें बिल्कुल उसी तरह से काम करती हैं जैसे बिजली के केबल। ये आपके मस्तिष्क और आपके शरीर के बाकी हिस्सों के बीच विद्युत आवेगों का संचार करती हैं। ये आवेग संवेदनाओं को महसूस करने और शरीर को क्या कार्य करने हैं इसको समझने में मदद करती हैं। सांस लेना, पसीना आने या भोजन को पचाने जैसे कार्यों को भी ठीक बनाए रखनें में इनकी भूमिका होती हैं।

पर शरीर के अन्य हिस्सों की ही तरह कई कारणों से आपको तंत्रिकाओं से संबंधित समस्याएं हो सकती हैं। कुछ प्रकार के विटामिन्स से लेकर, अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याएं इसका एक कारण हो सकती हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं अगर आपको नसों से संबंधित कोई भी दिक्कत हो रही है तो तुरंत किसी डॉक्टर से संपर्क करें। आइए जानते हैं कि किन स्थितियों में आपकी नसों-तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचने का जोखिम हो सकता है?

### विटामिन्स की कमी हो सकती है खतरनाक

अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि शरीर में विटामिन बी या ई की कमी आपकी नसों और आपके शरीर के अन्य भागों को प्रभावित कर सकती है। यदि आप पौष्टिक आहार नहीं खा रहे हों तो इस तरह की समस्याओं का जोखिम हो सकता है। विटामिन बी12 की कमी



के कारण पेरिफेरल न्यूरोपैथी की समस्या होना काफी सामान्य है। इस स्थिति में प्रभावित तंत्रिका के प्रकार के आधार पर आपको दर्द, सुन्नता, झुनझुनी, संवेदना की हानि या मांसपेशियों में कमजोरी तक की समस्या हो सकती है। इसके अलावा कुछ बीमारियों के कारण भी नसें प्रभावित हो सकती हैं।

### डायबिटिक न्यूरोपैथी की समस्या

रक्त शर्करा के बढ़े रहने के कारण भी आपकी तंत्रिकाओं में क्षति हो सकती है जिसके कारण हाथों और पैरों में सुन्नता या झुनझुनी होना सबसे आम लक्षण है। मधुमेह का उपचार न होने या ब्लड शुगर के लगातार बढ़े रहने की स्थिति आपकी दिक्कतों को और भी बढ़ा सकती है। डायबिटिक न्यूरोपैथी, मधुमेह रोगियों में होने वाली ऐसी ही समस्या है जिसके कारण प्रमुख तंत्रिकाएं और नसें कमजोर हो जाती हैं।

### ऑटोइम्यून डिजीज भी हो सकता है कारण

ऑटोइम्यून डिजीज वह समस्याएं होती हैं जिनमें आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली, स्वयं शरीर की ही कोशिकाओं को क्षति पहुंचाने लगती है। इसमें आपकी नसें भी शामिल हैं। ल्यूपस और रुमेटीइड आर्थराइटिस ऐसी ही दिक्कतें हैं। जिन लोगों के परिवार में पहले से ही किसी को ऐसी दिक्कतें रही हों उनमें इसका जोखिम अधिक हो सकता है। ऑटोइम्यून डिजीज, समय के साथ धीरे-धीरे हो सकती हैं या फिर हाल के संक्रमण उन्हें ट्रिगर कर सकते हैं।

### शराब पीते हैं तो भी खतरा

शराब सिर्फ लिवर को ही नुकसान नहीं पहुंचाती है इससे आपकी नसों और ऊतकों को भी क्षति हो सकती है। ज्यादा शराब पीने वालों में विटामिन-बी12 और फोलेट जैसे विटामिन की कमी हो सकती है। इन विटामिन की कमी नसों के सामान्य कार्यों में बाधा पहुंचा सकती है। इससे आपके पैरों और हाथों में दर्द-झुनझुनी के साथ कुछ स्थितियों में इन अंगों को हिलाना या उठाना तक कठिन हो जाता है।

## रेसिपी:गर्मियों में शरीर को ठंडा रखता है खरबूजे का जूस



**खरबूजे का जूस एक पूरी तरह से ताजा जूस है जिसे आपको खरबूजे के मौसम अर्थात् गर्मियों में बनाना चाहिए। खरबूज को खरबूजा या खरबूज भी कहा जाता है। खरबूजे में बहुत सारा पानी और महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं। खरबूजे का रस गर्मियों के दौरान शरीर को ठंडा करने में मदद करता है और हमें स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है।**

खरबूजे के रस में खनिज लवण होते हैं जो स्वस्थ त्वचा, बाल और नाखून प्राप्त करने में मदद करते हैं। खरबूजा जूस रेसिपी को दोपहर के नाश्ते के साथ परोसें जैसे राजस्थानी मक्की का चटपटा ढोकला या बेक्ड मद्दुर वड़ा बच्चों के लिए। आप इसे गर्मी के दिनों में अपने मेहमानों के स्वागत के लिए पेय के रूप में भी परोस सकते हैं।

### खरबूजे का जूस बनाने की विधि

1. खरबूजे का जूस रेसिपी बनाने के लिए सबसे पहले सभी सामग्री को मिक्सर में पीस कर मुलायम प्यूरी बना ले। सुनिश्चित करें कि आप सर्वोत्तम स्वाद के लिए रसदार और पके हुए खरबूजे का चयन करें।

2. वांछित के रूप में पानी जोड़कर स्थिरता को समायोजित करें। नमक और मिठास की जाँच करें और अपने स्वाद के अनुरूप समायोजित करें।

3. यह एक ताज़ा गर्मी का विशेष पेय मिनटों में तैयार है।

4. बस खरबूजे के जूस की रेसिपी में कुछ बर्फ के टुकड़े डालें और गर्म गर्मी के दिनों के लिए ठंडा दोपहर के नाश्ते जैसे राजस्थानी मक्की का चटपटा ढोकला रेसिपी या बच्चों के लिए बेक्ड मद्दुर वड़ा रेसिपी के साथ परोसें।

5. आप इसे गर्मी के दिनों में अपने मेहमानों के स्वागत के लिए पेय के रूप में भी परोस सकते हैं।

सामग्री

खरबूजा (कटे हुए) 2 कप
चीनी 4 बड़ा चम्मच,
इलायची पाउडर 1 चुटकी,
नींबू का रस 2 छोटा चम्मच,
आइस क्यूब्स सर्व करने के लिए।

### विधि

चीनी, इलायची पाउडर और खरबूजे को नींबू के रस के साथ मिक्सी में ब्लेंड कर लें। अब इस प्यूरी को दो सर्विंग गिलास में डालें। ऊपर से आइस क्यूब डालें। अगर ज्यादा ठंडा चाहिए, तो खरबूजे को ब्लेंड करते समय ही थोड़ा ठंडा पानी डालें। ऊपर से आप चेरी या ड्राई फ्रूट्स आदि भी डाल सकती हैं। स्वादिष्ट होने के साथ-साथ यह पेट के लिए भी सही रहेगा।

## क्या आप बहुत अधिक सोचते या चिंतित रहते हैं? यह छोटी सी आदत कहीं बड़ी दिक्कतों का न बन जाए कारण

नकारात्मक परिस्थितियों में चिंतित होना स्वाभाविक है, ये समय के साथ स्वत- ठीक भी हो जाती है। हालांकि अगर आप अक्सर चिंतित या तनाव में रहते हैं तो फिर आपको सावधान हो जाने की आवश्यकता है। यह न सिर्फ आपमें अवसाद जैसी गंभीर समस्याओं के खतरे को बढ़ाने वाली समस्या हो सकती है साथ ही इसके शारीरिक स्वास्थ्य पर भी कई दुष्प्रभाव हो सकते हैं। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को स्ट्रेस कंट्रोल करने वाले उपाय करते रहने की सलाह देते हैं।

डॉक्टर कहते हैं, आपकी चिंता अगर लंबे समय तक बनी रहती है और यह कंट्रोल नहीं हो रही है तो इस बारे में डॉक्टरी सलाह जरूर ले लें। यह आपके स्वास्थ्य के लिए दिक्कतें बढ़ा सकती है। चिंता-तनाव की समस्या तंत्रिका तंत्र, डायबिटीज से लेकर ब्लड प्रेशर और हार्ट अटैक तक का खतरा बढ़ाने वाली हो सकती है।

वहीं जिन लोगों को पहले से ही ये दिक्कतें हैं और वह अधिक चिंता करते हैं तो इससे उनकी जटिलताओं के बढ़ने का भी जोखिम हो सकता है।

डायबिटीज रोगियों की बढ़ सकती है जटिलताएं

जब आप किसी चीज के बारे में चिंतित होते हैं, तो स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल रिलीज होता है। यह आपके रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ा सकती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि स्ट्रेस वैसे तो मधुमेह का कारण नहीं बनती है लेकिन यह आपके रक्त शर्करा के स्तर को गंभीर रूप से प्रभावित जरूर कर सकती है।



ब्लड शुगर के स्तर में उतार-चढ़ाव आंखों से लेकर हृदय रोग और तंत्रिकाओं को प्रभावित करने लगती है। यही कारण है कि डायबिटीज रोगियों को तनाव प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी जाती है।

तंत्रिकाओं पर दुष्प्रभाव

तंत्रिकाएं मैसेजिंग नेटवर्क की तरह काम करती हैं। बहुत अधिक चिंता करना स्ट्रेस हार्मोन को ट्रिगर कर सकता है जो आपकी हृदय गति और श्वास को प्रभावित करने लगती है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि अगर लंबे समय तक अनियंत्रित स्थित में तनाव की दिक्कत बनी रहती है तो इससे रक्त शर्करा और तंत्रिकाओं की दिक्कत बढ़ सकती है। यही कारण है कि स्ट्रेस-डिप्रेशन के शिकार लोगों में स्ट्रोक होने का खतरा भी अधिक होता है।

हृदय स्वास्थ्य पर असर

यदि तनाव की समस्या काफी लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसके कारण आपका ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ रह सकता है। हाई ब्लड प्रेशर को दिल का दौरा पड़ने या स्ट्रोक होने के जोखिमों से जोड़कर देखा जाता है। अगर आपको चिंता बनी रहती है तो इसमें रिलीज होने वाले कोर्टिसोल हार्मोन आपके दिल की धड़कन को तेज कर देता है। यदि ऐसा बार-बार होता है, तो आपकी रक्त वाहिकाओं में सूजन हो सकती है, जिससे गंभीर हृदय रोगों का खतरा रहता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, स्ट्रेस को कंट्रोल में रखना बहुत आवश्यक है। इसे सिर्फ मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिमों तक ही जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए, यह पूरे शरीर के लिए समस्याकारक है।

# सरगुजा के ग्रामीणों को मुख्यमंत्री ने आत्मीयता से कराया भोजन

» भेंट-मुलाकात के दौरान जिन ग्रामीणों के घर मुख्यमंत्री ने किया भोजन उन्हें सपरिवार मुख्यमंत्री निवास में कराया भोज

» सरगुजा की छात्रा मधुलिका की स्केचिंग से प्रभावित हुए मुख्यमंत्री, खैरागढ़ विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु सहायता के दिए निर्देश







- संवाददाता -
अम्बिकापुर,29 मई 2023
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान सरगुजा संभाग में जिन ग्रामीण परिवारों के घर भोजन किया था, मुख्यमंत्री ने आज उन्हें अपने निवास पर दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि मैंने आप सब के घर भोजन किया था, जिस स्नेह और अपनत्व से आप लोगों ने मेरा स्वागत किया उससे मैं अभिभूत हूं। आज मुझे आप सभी को अपने निवास पर आमंत्रित कर स्वागत करने का अवसर मिला है। भोजन के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के पास जाकर बड़ी आत्मीयता से मुलाकात की और उनके घर-परिवार का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने सरगुजा से आए मेहमानों का पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन मूंग दाल का देहाती बड़ा, मूंग भाटा आलू की सब्जी, टमाटर चटनी और आम के पना के जायके के साथ स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने मधुलिका की चित्र कला को सराहा, पढ़ाई के लिए दिया सहायता का आश्वासन- सरगुजा के ग्राम करजी से आयी कुमारी मधुलिका प्रजापति ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को बताया कि जब आप मेरे घर भोजन के लिए आये थे तो मैंने आपको अपने द्वारा बनाया आपका स्केच भेंट किया था। आपको स्केच भेंट करती फ़ोटो जनमन पत्रिका के कवर पर प्रकाशित हुई है। इसे देखकर मुझे बहुत खुशी हुई। इसीलिये मैं आज फिर आपका स्केच बनाकर आपको भेंट करने लाई हूँ। मधुलिका ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है और आगे खैरागढ़ विश्वविद्यालय से चित्रकला की पढ़ाई करना चाहती हूं। मुख्यमंत्री ने मधुलिका की कला की खूब सराहना की और खैरागढ़ विश्वविद्यालय में उसका दाखिला कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इसी तरह सीतापुर विधानसभा के मैनपाट विकासखण्ड के ग्राम राजापुर से आए श्री राजनाथ एक्का ने बताया हमने कभी सोचा भी नहीं था कि मुख्यमंत्री जी आदिवासी किसान के घर आएंगे, उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि हम लोगों ने मुख्यमंत्री जी को लकड़ा की चटनी और कोइलरी भाजी खिलाई थी। आज मुख्यमंत्री निवास आकर बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री जी को घर से लाया गुड़ और अपने बाग की लीची भेंट की।

# आंधी-बारिश से गिरा हाईटेंशन टावर,बिजली बंद होने से लोगों को करना पड़ रहा है परेशानी का सामना

- संवाददाता -
कोरबा,29 मई 2023 (घटती-घटना)।



नौतपा लगने के साथ ही मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहे हैं। रविवार को लगातार चौथे दिन तेज आंधी तूफान और बारिश होने से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। पाली ब्लॉक के कई गांव में अंधेरा छा गया द्य वहीं तहसील मुख्यालय में भी कई घंटे तक बिजली बंद रही। तेज आंधी तूफान के चलते कई पेड़ धराशाई हो गए। कई घरों के छज्जे उड़ गए लोगों को कई प्रकार के समस्याओं से गुजरना पड़ा।

आंधी तूफान के चलते हाईटेंशन टावर गिर गया जिससे विद्युत व्यवस्था प्रभावित रही। बताया जा रहा है कि ट्रांसमिशन लाइन का यह टावर भिलाई केदामारा में ग्रेड के सब स्टेशन को कोरबा से बिजली आपूर्ति होती है द्य इस हाईटेंशन टावर के धराशाई होने से सब स्टेशन को होने वाली बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई है। कुल मिलाकर मौसम में लगातार बदलाव से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है वहीं लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याएं भी सामने आ रही है।

# रताखार सर्वेश्वर एनीकेट में मिली युवती की लाश,जांच में जुटी पुलिस

- संवाददाता -
कोरबा,29 मई 2023
(घटती-घटना)।



रताखार सर्वेश्वर एनीकेट में सोमवार की सुबह एक युवती की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई । मृतिका की पहचान खपरा भठ्ठा निवासी चांदनी चौरसिया के रूप की गई है । बताया जा रहा है कि वो शादी में जाने के नाम से रविवार को 10 बजे से घर से निकली थी, जब शाम को सहेलियों से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा चांदनी के बारे में कोई जानकारी नही मिली थी और आज सुबह उसकी लाश सर्वेश्वर एनीकेट रताखार में तैरते हुए मिली। चांदनी ने लाल रंग का टी शर्ट और ब्लैक कलर का जीन्स पहनी हुई हैं। चांदनी ने आत्महत्या की है या फिर कुछ और इस पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# श्री शंकर घाट सेवा समिति द्वारा किया जाएगा गंगा दशहरा का भव्य आयोजन



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,29 मई 2023
(घटती-घटना)।

श्री शंकर घाट सेवा समिति द्वारा मां गंगा के अवतरण दिवस गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर 30 मई 2023 को बांक नदी तट, शंकर घाट अंबिकापुर में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सुबह से दशई स्नान, शाम 4:00 बजे से भजन संध्या, शाम 6:00 बजे से दीप प्रज्वलन एवं दीपदान, शाम 7:00 बजे से गंगा आरती, तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारा का कार्यक्रम तय है। इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण बनारस के गंगा आरती समूह द्वारा गंगा आरती है।

सरगुजा अंचल के ग्रामीण क्षेत्र में इस पर्व का विशेष महत्व है। पहले गंगा दशहरा का त्यौहार भव्य रुप से ÷गंगा दशई मेला÷ के रूप में मनाया जाता था। विगत कुछ वर्षों से यह परंपरा विलुप्त सा हो गया है। पुनः इस परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए समिति द्वारा इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

समिति के सदस्यों के सक्रिय भागीदारी से शंकर घाट बांक नदी तट की साफ-सफाई, सीढ़ी एवं दीवाल की पुताई की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। टेंट व लाइटिंग की व्यवस्था जारी है। समिति के आह्वान पर अंबिकापुर शहर के कई संगठनों ने साफ़ङ्क सफाई में अपना श्रमदान दिया।

इस आयोजन में सम्मानित वरिष्ठ नागरिकों के विशेष सहयोग से एवं समिति के सर्वश्री विशाल गोस्वामी (दूधनाथ), नवीन पाण्डेय, जितेंद्र सोनी, हरविंदर सिंह (टिन्नी), विकास वर्मा, अजय सोनी, मयंक जायसवाल, राधेश्याम कुशवाहा, राजेश्वर पाण्डेय, रज्जू पाण्डेय, अजय पाण्डेय, अजीत पाण्डेय, अमित सोनी, अंशु सिंह, अनुराग गुप्ता, महेश जायसवाल, संजय जायसवाल, मुकेश मिश्रा, अतीश सिंह, मनीष पाण्डेय, पंकज गुप्ता, अमन गुप्ता, बृजेश पाण्डेय, दयानंद पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, श्रीमती अनामिका पैकरा, विक्की दास, बंशीधर ठाकुर, हेमंत कुमार मांझी, दीनानाथ कुशवाहा, कृष्णा यादव, महेश कुमार ठाकुर, राजकुमारी सरपंच, सुरेश सिंह, संजीव सेठ, प्रकाश मणि त्रिपाठी, मनोज प्रसाद अमित गुप्ता व अन्य सम्मानित सदस्यों के सक्रिय भागीदारी है।

# कांग्रेस सरकार ने हमेशा आदिवासियों के हित में कार्य किया : मंत्री कवासी लखमा

» मंत्री श्री लखमा ने आदिवासी शक्तिपीठ में नव निर्मित मंगल भवन व देवालय परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य का किया लोकार्पण

- संवाददाता -
कोरबा,29 मई 2023
(घटती-घटना)।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में हमारी सरकार ने हमेशा आदिवासियों के हित और विकास के लिए कार्य किया है। सरकार आदिवासी संस्कृति का संरक्षण कर रही है और उनके विकास के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी चला रही है। सरकार ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में लोगों को सामुदायिक हितग्राही मूलक पट्टा भी प्रदान किया है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी आदिवासियों को सरकार ने उनका वाजिब हक देने का काम किया है। 09 अगस्त का दिन विश्व आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है लेकिन पूरे देश में छत्तीसगढ़ ही पहला राज्य है जहां आदिवासियों की भावनाओं को समझते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस दिन अवकाश घोषित किया है। यह बातें विश्व आदिवासी शक्तिपीठ बुधवारी में नव निर्मित मंगल भवन व देवालय परिसर के सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण और आदिवासी महापंचायत में मुख्य अतिथि वाणिज्यिक कर (आबकारी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने कही।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा पर आदिवासी शक्तिपीठ परिसर में 25 लाख रूपए की लागत से नव-निर्मित मंगल भवन के लोकार्पण पर समाज के लोगों को बधाई देते हुए लखमा ने कहा कि आदिवासी जंगलों में रहते हैं और फल-फूल खाते हैं और प्रकृति की पूजा करते हैं। जहां भी आदिवासी रहते हैं वहां वे प्रकृति के साथ रहते हैं, इससे प्रकृति का भी संरक्षण होता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के लिए हमेशा एकजुटता के साथ रहना होगा। लखमा ने कहा कि प्रदेश में भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार आदिवासी समाज सहित अन्य समाज के संस्कृतियों के संरक्षण का भी कार्य कर रही है। सरकार ने प्रदेश के किसानों का कर्जा माफ किया, जंगल में रहने वाले आदिवासियों को पट्टा का वितरण किया, तेंदूपत्ता प्रति मानक बोरा चार हजार रूपए किया, बस्तर के लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की जमीन वापस कराई, किसानों के फायदे के लिए धान का समर्थन मूल्य 2500 रूपए करने सहित अन्य कई कल्याणकारी कार्य किए हैं। इस अवसर पर अतिथि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि आदिवासी समाज की मांग वे हमेशा सहयोग करते रहे हैं। आज मंगल भवन का लोकार्पण किया है जिससे समाज को समय-समय पर होने वाले विभिन्न आयोजन व कार्यों में मदद मिलेगी। समाज की ओर से निःशुल्क जमीन की मांग पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि इसके लिए समाज के लोग शासन-प्रशासन से विधिवत् आवेदन करें। अग्रवाल ने कहा कि आदिवासी शक्तिपीठ परिसर में भव्य डोम बनाने के लिए भी हर संभव सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद नंदकुमार साय ने कहा कि मात्रात्मक व लिपिकीय त्रुटि की वजह से कई लोगों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है, ऐसे में आदिवासी अपने वास्तविक अधिकार से वंचित हैं। श्री साय ने कहा कि जारी हुई नई सूची में भी अगर इसका निराकरण नहीं हो पाया है तो वे समाज के लोगों की मदद से ऐसे लोगों की जानकारी लेकर इस समस्या के निराकरण के लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पाली तानाखार विधायक मोहित राम केरकेट्टा, कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर, महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्यामसुंदर सोनी, आदिवासी समाज के प्रांतीय अध्यक्ष युवा सुभाष सिंह पोर्ते सहित आदिवासी समाज के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। आदिवासी शक्तिपीठ कोरबा के संरक्षक मोहन सिंह प्रधान ने आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग रखी।

# जल जीवन मिशन के कार्यों में प्रगति लाने कलेक्टर हुए सख्त,की बड़ी कार्रवाई

» काम में लापरवाही बरतने पर एक ठेकेदार के सभी 24 अप्रारंभ कार्य हुए निरस्त

» आम जन सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मिशन में वांछित प्रगति लाने अधिकारियों और ठेकेदारों की बैठक लेकर दिए कड़े निर्देश



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,29 मई 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टर कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन और जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के समस्त अधिकारी और विभाग के कार्यों से जुड़े ठेकेदार शामिल रहे। कलेक्टर श्री कुन्दन ने योजना के तहत नल कनेक्शन के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले में वांछित प्रगति लाने के लिए सभी अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देशित किया। भ्रमण के दौरान योजना के क्रियान्वयन में मिली खामियों पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि आम जन को स्वच्छ पेयजल की सहज आपूर्ति सुनिश्चित करना शासन की मंशा है। इस काम में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जिले के प्रत्येक विकासखंड चल रहे कामों की ठेकेदार वार समीक्षा की।

कलेक्टर द्वारा सख्ती बरतते हुए बैठक में जिले में योजना के तहत काम कर रहे ऐसे ठेकेदार, जो नल कनेक्शन के काम में वांछित प्रगति नहीं ला पाए हैं, उन्हें चिन्हांकित कर टेंडर निरस्त करने के साथ-साथ एक साल के लिए टेंडर सूची से बैन करने पर भी चर्चा की गई। इसी कड़ी में एक ठेकेदार के अप्रारंभ 24 कार्यों को निरस्त किया गया है। इसके साथ कुल 37 कार्यों को निरस्त किया गया है। इसी तरह लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार पर आम जन को हुई असुविधा के मद्देनजर ऑपरेशनल कॉस्ट पेनल्टी अधिरोपित करने के भी निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने नई कार्ययोजना बनाते हुए से जल जीवन मिशन के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कड़े निर्देश देते हुए जल जीवन मिशन के तहत चल रहे 80 से 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों को 20 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिसपर ईई पीएचई ने बताया कि प्रत्येक विकासखंड में नलकूप खनन के लिए नए सिरे से ड्रिलिंग मशीन का टेंडर किया गया है। लगभग बीस मशीन लगाई जाएगी और अगले एक माह में 150 गांवों में शत प्रतिशत नल कनेक्शन का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

कलेक्टर ने इस दौरान अन्य विभागों से भी समन्वय करते हुए योजना अंतर्गत कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में पीएचई के सभी अधिकारियों को अलग-अलग विकासखंड के प्रभारी बनाए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने तत्काल ही सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित किए जाने की बात बैठक में कही।

बैठक में कलेक्टर ने ठेकेदारों को निर्माण कार्यों के दौरान अनुबंधित सभी सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन एवं सभी क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन में क्रमांक अंकित करने को कहा। उन्होंने जिले में ग्रामवार चल रहे जल जीवन मिशन की तकनीकी एवं प्रगति की जानकारी लेकर ठेकेदारों एवं टीपीआई को अनुबंधित समय-सीमा में निर्माण कार्यों को गुणवत्तायुक्त बनाने के निर्देश दिए।

**सूचना**

मै रामदुलारे दिलाशाराम शर्मा, पिता-दिलाशाराम शर्मा,निवासी-नियर रमाई बुद्ध विहार,प्लाट नं-ए/69, रमाई नगर रोड, उप्पाल्वादी नागपुर, महाराष्ट्र 440026 कथन पूर्वक शपथ करता हूं

1.यह कि मेरे आर0सी0बुक में मेरा नाम रामदुलारे शर्मा एवं मेरे पिता का नाम देवी राम शर्मा दर्ज है।

2. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रामदुलारे दिलाशाराम शुक्ला एवं मेरे पिता का नाम दिलाशाराम शुक्ला दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है।

3. यह कि रामदुलारे शर्मा एवं रामदुलारे दिलाशाराम शुक्ला दोनो ही नाम मेरे स्वयं के है अर्थात एक ही व्यक्ति का नाम है तथा देवी राम शर्मा एवं दिलाशाराम शुक्ला दोनो ही नाम मेरे पिता के है अर्थात एक ही व्यक्ति का नाम है इस संबंध में भविष्य में कोई भी आपत्ति होती है तो उनकी जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी ।

शपथकर्ता
रामदुलारे दिलाशाराम
आ0 दिलाशाराम शर्मा
निवासी रमाई नगर रोड, उप्पाल्वादी
नागपुर, महाराष्ट्र

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा.(छ0ग0)**

रा.प्र.क्र./ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहनी परिहार पत्नि एम0एस0 परिहार निवासी खजरी रोड ज्योति विद्यालय के पास छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश द्वारा अधिकारग्रहिता सुनिता राय पत्नि अमरनाथ राय निवासी तिवारी बिल्डिंग रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकपुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 434/192 रकबा 0.027 हे0 भूमि को अनावेदक रविन्द्र कुमार गुप्ता आ0 बंसत व अन्य निवासी लुरगी सरगवां पाढ़ी जिला बलरामपुर छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपये 7,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपति हो तो सुनवाई दिनाक 28/06/2023 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202305020700103**

विषयः- ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023

गंगापुरखुर्द प.ह.न. 00021 (हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मथिरा कुजूर
अनावेदक पक्षकार- कोई नहीं

**ईश्तहार**

आवेदक मथिरा कुजूर आ0 स्व0 सुन्दरा कुजूर, निवासी गंगापुरखुर्द,तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया गया है कि उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम गंगापुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 72/4 रकबा 0.040 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण क्रमांक 17 दिनांक 01/04/2003 के द्वारा आवेदक के नाम पर नामांतरित हो चुका है किन्तु बी-1,खसरा में त्रटिवश आवेदक का नाम दर्ज नही किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त त्रटि को सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14.06.2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/05/2023 को जारी किया जाता है।

सील
भूषण सिंह मंडावी
तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)

# थाईलैंड को 17-0 से हराकर भारत जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में



**सलालाह,29 मई 2023।** गत चैम्पियन भारत ने पूल ए के अपने आखिरी मैच में थाईलैंड को 17-0 से करारी शिकस्त देकर पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत ने अपने ग्रुप में चीनी ताइपे, जापान और थाईलैंड को हराया जबकि पाकिस्तान के खिलाफ उसने मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। भारत सेमीफाइनल में किससे भिड़ेगा इसका पता पूल बी में मलेशिया और ओमानतथा पूल ए में पाकिस्तान और जापान के बीच होने वाले मैच से पता चलेगा। पाकिस्तान को पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अपने अंतिम लीग मैच में जापान को 14 गोल से अधिक के अंतर से हराना होगा। थाईलैंड के खिलाफ भारतीय टीम शुरू से हावी हो गई।

उसकी तरफ से अंगद बीर सिंह ने चार गोल ((13वें, 33वें, 47वें और 55वें मिनट) किए। रात को खेले गए मैच में अंगद के अलावा भारत की तरफ से योगम्बर रावत (17वें), कप्तान उत्तम सिंह (24वें, 31वें), अमनदीप लाकड़ा (26वें, 29वें), अरिजीत सिंह हुंदल (36वें), विष्णुकांत सिंह (38वें), बॉबी सिंह धामी (45वें), शारदा नंद तिवारी (46वें), अमनदीप (47वें), रोहित (49वें), सुनीत लाकड़ा (54वें) और राजिंदर सिंह (56वें) ने भी गोल किए। भारत अंतिम क्वार्टर शुरू होने से पहले 10-0 से आगे था। थाईलैंड की टीम तब तक पस्त हो चुकी थी और भारत ने अपने आक्रामक रवैए में किसी तरह से ढिलाई न दिखाकर हूटर बजने से पहले तक गोल वर्षा जारी रखी।

## अंबाती रायुडू ने आई पी एल से संन्यास लिया

**नई दिल्ली,29 मई 2023।** भारत के पूर्व वनडे विशेषज्ञ और चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने घोषणा की है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल आईपीएल में उनका आखिरी मैच होगा। इंग्लैंड में 2019 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में नहीं चुने जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले रायुडू ने कुछ साल पहले घरेलू क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया था लेकिन बाद में फैसला वापिस ले लिया। 38 वर्ष के इस खिलाड़ी ने हालांकि ट्वीट किया कि इस बार वह फैसला नहीं बदलेंगे। इस सत्र में उन्होंने 15 मैचों में 139 रन बनाये हैं। उन्होंने ट्वीट किया ,''दो बेहतरीन टीमें मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स।



204 मैच, 14 सत्र, 11 प्लेआफ, आठ फाइनल और पांच खिताब। उम्मीद है कि आज रात को छठा भी। यह शानदार सफर रहा। मैने तय किया है कि आज का फाइनल आईपीएल में मेरा आखिरी मैच होगा। इस शानदार टूर्नामेंट में खेलने का पूरा मजा आया। अब की बार वापसी नहीं।'' रायुडू ने 55 वनडे मैचों में 1694 रन बनाये। टी20 क्रिकेट में वह सीएसके का अभिन्न अंग रहे। फाइनल से पहले वह 203 आईपीएल मैचों में 4329 रन बना चुके हैं। उन्होंने 2018 सत्र में चेन्नई के लिये 602 रन बनाये।

## हेजलवुड भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में



**लंदन,29 मई 2023।** तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भारत के खिलाफ सात जून से ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। यह 32 वर्षीय गेंदबाज चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बीच से ही स्वदेश लौट गया था। उन्हें हालांकि टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड जैसे तेज गेंदबाजों के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। अब तक 59 टेस्ट मैचों में 222 विकेट लेने वाले हेजलवुड के चयन का मतलब है कि चयनकर्ताओं को ऑल राउंडर माइकल नेसर या तेज गेंदबाज सीन एबोट को टीम में रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

नेसर और एबोट अभी काउंटी क्रिकेट में खेल रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्र्यू मैकडोनाल्ड ने हाल में कहा था कि किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उन्हें टीम में शामिल किया जा सकता है। हेजलवुड हाल में चोटों से जूझते रहे हैं। वह आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम से बाद में जुड़े थे। उन्होंने दिसंबर 2021 के बाद केवल चार टेस्ट मैच खेले हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम इस प्रकार है पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मारनस लाबुशेन, नाथन लियोन, टॉड मर्फी, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, डेविड वार्नर।

## कमलजीत का ख्वाब इंटरनेशनल में गोल्ड मेडल जीतना

**गौतम बुद्ध नगर,29 मई 2023।** रेवाड़ी के रहने वाले कमलजीत ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में चल रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, उत्तर प्रदेश 2022 में गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल विजेता सरबजोत को हराया है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कमलजीत इंदिरागांधी यूनिवर्सिटी, रेवाड़ी को रिप्रिजेंट कर रहे हैं।

वह बताते हैं की निशानेबाजी करना उन्होंने अपने परिवार वालों के कहने पर शुरू किया। 2020 में उनके घर वालो ने एयर पिस्टल खेल खेलने को कहा। इसके बाद उन्होंने अपने परिवार वालों के सपने को साकार करने के लिए मैदान में उतर गया। इतने कम समय मे उन्होंने



एक नेशनल और तीन स्टेट मेडल के अलावा करीब दो दर्जन मेडल जीत चुके हैं।

उनके परिवार का खेलो से दूर दूर तक कोई नाता नहीं है। 10वीं की पढ़ाई के बाद जब आगे की पढ़ाई के लिए गैप लिया तो परिवार के लोगों ने कहा कि तुम स्पोर्ट्स में करियर आजमाओ। फिर मैं भी निशानेबाजी के खेल में जुट गया। हर दिन 7-8 घन्टे प्रैक्टिस करता हूं। उन्होंने बताया कि आज के प्रतियोगिता के लिए मैदान में उतरने से पहले प्रतिद्वंद्वी सरबजोत से थोड़ा डर लग रहा था, क्योंकि वह वर्ल्ड कप में गोल्ड मेडल विजेता है। लेकिन मैदान में जब मैंने हाथ में पिस्टल थामा तो सारा भय दूर हो गया और सामने सिर्फ लक्ष्य था। मेरा लक्ष्य था गोल्ड मेडल और उसे मैंने जीत लिया।

## काइलियन एम्बाप्पे लगातार चौथी बार बने प्लेयर ऑफ द ईयर

**पेरिस ,29 मई 2023।** पेरिस सेंट जर्मेन के काइलियन एम्बाप्पे ने लगातार चौथे साल रिकॉर्ड लिग 1 प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब अपने नाम किया। वह 2019, 2021 और 2022 में लीग 1 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। लगातार चार सीजन में ट्रॉफी जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। एक और पेरिस सेंट-जर्मन के फॉरवर्ड ने लीग में 28 गोल और 5 असिस्ट किए। एम्बाप्पे ने फ्रांस 24 के हवाले से कहा, यह खुशी की बात है, मैं हमेशा जीतना चाहता था, लीग के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना चाहता था। लेकिन मैंने इतनी जल्दी जीतने की उम्मीद नहीं की थी।



ज्लाटन इब्राहिमोविक (2016), एडिन्सन कैवानी (2017), नेमार जूनियर (2018) और किलियन एम्बाप्पे (2019) के नक्शेकदम पर चलते हुए पेरिस सेंट-जर्मेन के एक खिलाड़ी ने लगातार सातवें वर्ष प्लेयर ऑफ द ईयर की ट्रॉफी जीती है।

इसी श्रेणी में पिछले सीजन में नामांकित, नूनो मेंडेस को यूएनएफपी 2023 लिग 1 यंग प्लेयर ऑफ द ईयर नामित किया गया था।

महज 20 साल की उम्र में, पुर्तगाली फुल-बैक ने कैपिटल क्लब के लिए रिकॉर्ड तोड़ 11 फ्रेंच चैंपियनशिप हासिल करने में बड़ी भूमिका निभाई, इसमें छह सहायता प्रदान की और 23 मैचों में एक गोल किया।

क्लब को दूसरे स्थान पर ले जाने और दो दशकों में पहली बार चैंपियंस लीग फुटबॉल में वापसी करने के बाद आरसी लेंस के फ्रेंक हाइज को सीजन का कोच नामित किया गया। इसके अलावा, चार पीएसजी खिलाड़ियों एम्बाप्पे, अचरफ हकीमी, लियोनेल मेस्सी और मेंडेस को लीग 1 टीम ऑफ द ईयर में नामित किया गया है।

इस सत्र में 31 मैचों में 16 असिस्ट और 16 गोल के साथ मेसी को पहली बार सर्वश्रेष्ठ एकादश में नामित किया गया। मेंडेस ने लगातार दूसरे वर्ष प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ लेफ्ट-बैक का खिताब अपने नाम कर अपने सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी गोंग का अनुसरण किया।

स्ट्रासबर्ग में 1-1 से ड्रॉ के बाद, पीएसजी ने इतिहास रच दिया, क्योंकि उन्होंने शनिवार को रिकॉर्ड 11 वीं बार फ्रेंच चैंपियंस का ताज पहनाया, एएस सेंट-इटियेन के 10 खिताबों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

## शुभंकर शर्मा डीपी वर्ल्ड टूर पर के एल एम डच ओपन में 16वें स्थान पर रहे




**नई दिल्ली,29 मई 2023।** शुभंकर शर्मा ने अंतिम दिन एक बोगी-मुक्त राउंड खेला, लेकिन फिर भी 2-अंडर 70 के राउंड के लिए सिर्फ दो बर्डी से निराश हुए होंगे, जिससे वह केएलएम डच ओपन में संयुक्त 16वें स्थान पर रहे, जो डीपी वर्ल्ड का एक हिस्सा है।

शर्मा ने 67-74-72-70 के राउंड के साथ सप्ताह के लिए कुल 5-अंडर किया।

स्पेन के पाब्लो लाराज़बाल ने अंतिम दो होल में बर्डी लगाकर शानदार प्रदर्शन किया और अपने अंतिम तीन मैचों में दूसरी बार जीत हासिल की।

सप्ताह की शुरुआत 67 के साथ करने वाले शर्मा ने बीच के दो राउंड में 74 और 72 का स्कोर किया और दोनों में प्रत्येक दिन एक डबल बोगी शामिल थी। अंतिम दिन, जबकि वह बोगी से बचता रहा, वह अपने कई बर्डी पुट गिराने में सफल नहीं रहा।

शुभंकर, जिन्होंने अबू धाबी में टी-7 के साथ वर्ष की शुरुआत की थी, उसके बाद से शीर्ष-20 में केवल दो बार समाप्त हुए हैं - हीरो इंडियन ओपन में, जहां वह टी-13 थे और केएलएम ओपन में उनका सप्ताह टी-16 था। शर्मा फिलहाल रेस टू दुबई रैंकिंग में 65वें स्थान पर हैं।

मैदान पर मौजूद दूसरे भारतीय मनु गंडास कट से चूक गए।

40 वर्षीय लाराज़बाल अंतिम राउंड से पहले पकड़ने वाले व्यक्ति थे, लेकिन दूसरे होल पर एक डबल बोगी ने देखा कि दूसरों के पास मौका है। बर्नार्डस गोल्फ में कम से कम सात खिलाड़ियों ने समय के विभिन्न बिंदुओं पर लीड का हिस्सा रखा।

उन्होंने आखिरी में 21 फुट के बर्डी पुट को तीन अंडर पार 69 और 13 अंडर में दो स्ट्रोक की जीत में बदला। लाराज़बाल ने कोरिया चैंपियनशिप जीती -- उनकी आखिरी गैर-प्रमुख शुरुआत -- अप्रैल में हुई थी और अब नीदरलैंड के राष्ट्रीय ओपन के 103वें संस्करण में उनकी जीत के बाद 15 महीनों के भीतर चार जीतें हैं।

फेलो स्पैनियार्ड एड्रियन ओटेगुई 11-अंडर पार के साथ दूसरे स्थान पर रहे। डेनमार्क के रैसमस हॉजगार्ड और दक्षिण अफ्रीका के डीऑन जर्मिशियस ने 10-अंडर पार पर तीसरा स्थान साझा किया, जबकि पोलैंड के एड्रियन मेरोनक, थाई किराडेच अपिबर्नराट और न्यूजीलैंड के डेनियल हिलियर एक शॉट आगे पांचवें स्थान पर रहे।

## पहलवानों पर एफआईआर को साक्षी मलिक ने तानाशाही कहा



**नई दिल्ली,29 मई 2023।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया के साथ नए संसद भवन की ओर मार्च करने को लेकर सोमवार को अपने और साथी पहलवानों के खिलाफ दर्ज एफआईआर पर अपना गुस्सा जाहिर किया। साक्षी मलिक ने ट्विटर पर दिल्ली पुलिस की आलोचना करते हुए कहा कि मामला दर्ज करने में सात घंटे भी नहीं लगे जबकि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर मामला दर्ज होने में सात दिन लगे।

उन्होंने कहा, लड़कियों का यौन शोषण करने वाले बृजभूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में दिल्ली पुलिस को 7 दिन लग गए और शांतिपूर्वक विरोध करने पर हमारे खिलाफ एफआईआर दर्ज करने में 7 घंटे भी नहीं लगे। क्या इस देश में तानाशाही शुरू हो गई है? पूरी दुनिया देख रही है कि सरकार अपने खिलाड़ियों के साथ कैसा व्यवहार कर रही है।

## अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 अब ओटीटी की जगह सिनेमाघरों में देगी दस्तक





अक्षय कुमार की 2012 में आई फिल्म ओह माय गॉड को लोगों ने काफी पसंद किया था और यह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। अब फिल्म की सफलता के 11 साल बाद अक्षय एक बार फिर अपनी सोशल कॉमेडी ओह माय गॉड 2 के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए वापस आ रहे हैं। हाल ही में फिल्म की रिलीज को लेकर आए अपडेट में कहा गया है कि फिल्म ओटीटी नहीं, बल्कि सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

ओह माय गॉड 2 में अक्षय भगवान शिव के किरदार में नजर आएंगे। इसमें पंकज त्रिपाठी और यामी गौतम भी मुख्य भूमिका में हैं और यह भारत में यौन शिक्षा की पृष्ठभूमि के खिलाफ है। फिल्म का निर्देशन अमित राय ने किया है तो अश्विन वर्दे, वायकॉम 18 और जियो स्टूडियो इसके निर्माता हैं। अक्षय की पिछली फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन देख इस फिल्म के जियो सिनेमा पर रिलीज होने की बात सामने आ रही थी। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि अक्षय ने अपने सहयोगियों, अश्विन वर्दे, वायकॉम 18 और जियो स्टूडियोज के साथ ओह माय गॉड 2 को सिनेमाघरों में रिलीज करने का फैसला किया है। फिल्म को लेकर काफी विचार हुआ, लेकिन निर्माताओं ने इसे ओटीटी पर रिलीज करने को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की और इसे सिनेमाघर में ही रिलीज करने का फैसला बरकरार रखा। फिल्म की एडिटिंग के बाद रिलीज डेट का ऐलान हो जाएगा। ओह माय गॉड एक कोर्ट रूम ड्रामा थी, जिसमें अक्षय और परेश रावल मुख्य भूमिका में थे। यह एक नास्तिक कांजी (परेश) की कहानी थी, जिसकी दुकान एक भूकंप में नष्ट हो गई। जब बीमा कंपनी ने भगवान की मर्जी का हवाला देकर उसे भुगतान देने से इनकार कर दिया तो कांजी ने भगवान के खिलाफ मामला दायर कर दिया। फिल्म में अक्षय भगवान कृष्ण की भूमिका नजर आए थे और कांजी के संघर्ष का हिस्सा बने थे। पिछले दिनों अक्षय ने ओह माय गॉड को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक बताते हुए कहा था कि निर्माता इस साल सामाजिक कॉमेडी का दूसरा भाग लाने की तैयारी में हैं। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अक्षय ने फिल्म की कहानी के बारे में कहा था, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। हम स्कूल में बहुत से विषय सीखते हैं और यौन शिक्षा एक ऐसा विषय है जो दुनिया के सभी स्कूलों में होना चाहिए। अक्षय अब स्काई फोर्स में सारा अली खान और निमरत कौर के साथ नजर आएंगे। दिनेश विजान की स्काई फोर्स में अक्षय पायलट की भूमिका में दिखाई देंगे। वह द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू और टाइगर श्रॉफ के साथ बड़े मियां छोटे मियां का हिस्सा हैं।

## छोटे टॉप में सिमरन कौर ने दिए ऐसे खतरनाक पोज, फोटो देखकर खो देंगे अपने होश



सोशल मीडिया पर अपने फैंस के दिलों के बेताब किए रहने वाली इंफ्लुएंसर सिमरन कौर एक मॉडल, एक्टर हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचाए रहती हैं। वहीं, उनकी लेटेस्ट तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। बार्वी प्रिंटेड क्रॉप टॉप और शॉर्ट स्कर्ट में एक्ट्रेस सिमरन कौर गजब की बला लग रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल और मिनिमल मेकअप के साथ सिमरन कौर कहर ढा रही हैं। सिमरन कौर इंटरनेट पर अपनी तस्वीरों से फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। सिमरन चाहे वेस्टर्न ड्रेस में हो या इंडियन ड्रेस में अपने हॉट अंदाज से फैंस को घायल करने से पीछे नहीं है। सिमरन कौर की मदमस्त अदाएं देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर रहते हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरते रहते हैं। सोशल मीडिया पर उनके लाखों में फॉलोवर्स हैं। उन्हें इंस्टाग्राम पर 2.2 मिलियन फॉलोवर्स हैं। सिमरन कौर अपने अतरंगी रूपों के कारण अक्सर सुर्खियों का विषय बनी रहती हैं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। फैंस एक्ट्रेस की तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। वहीं, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं।



## रणदीप हुड्डा की स्वतंत्र वीर सावरकर का दमदार टीजर जारी,जंजीरों में जकड़े दिखे अभिनेता

रणदीप हुड्डा ने पिछले साल फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर की घोषणा की थी। पिछले साल सावरकर जयंती पर हुड्डा का लुक सामने आया था। आज हुड्डा ने फिल्म का टीजर जारी किया है। टीजर में सावरकर की भूमिका में हुड्डा का अभिनय और दमदार डायलॉग रोमांच पैदा करने वाले हैं। साथ ही टीजर देखकर यह भी लगता है कि सावरकर को लेकर फिर से नई राजनीतिक बहस छिड़ने वाली है। टीजर की शुरुआत आजादी की लड़ाई के क्रांतिकारी दृश्यों के साथ होती है। वीडियो के वॉयसओवर में हुड्डा कहते हैं, आजादी की लड़ाई 90 साल चली, लेकिन यह लड़ाई कुछ ही लोगों ने लड़ी। बाकी लोग तो सत्ता के भूखे थे। अगर गांधी अपनी अहिंसावादी सोच पर अड़े नहीं रहते तो देश 35 साल पहले ही आजाद हो जाता। सावरकर की भूमिका में हुड्डा अंग्रेजों की कैद में जंजीरों से जकड़े भी नजर आ रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान भी हुड्डा संभाल रहे हैं। निर्देशक महेश मांजरेकर के फिल्म से बाहर हो जाने के बाद हुड्डा ने यह जिम्मेदारी ली थी। वह पहली बार निर्देशक के तौर पर काम करने जा रहे हैं। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं हुई है। फिल्म का निर्माण आनंद पंडित और संदीप सिंह कर रहे हैं। बता दें कि पिछले साल सावरकर जयंती पर हुड्डा ने फिल्म का पहला पोस्टर साझा किया था।

इस फिल्म में अंकिता लोखंडे को फीमेल लीड के लिए चुना गया है। फिल्म से उनका लुक भी सामने आ चुका है। फिल्म के बारे में अंकिता ने मीडिया से बातचीत में कहा था, मुझे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाना अच्छा लगता है। ऐसे किरदार जो न सिर्फ कहानी को आगे बढ़ाएं बल्कि दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ सकें। स्वतंत्र वीर सावरकर ऐसी ही एक प्रेरक कहानी है जिसे बताना जरूरी है। मैं इसका हिस्सा बनकर खुश हूं।

# बीजेपी को उलटा पड़ा जाबो गोठान खोलबो पोल का पासा

## बीजेपी के गोठान अभियान की खिलाफत से नाराज छत्तीसगढ़ सरपंच संघ ने दी चेतावनी




» छत्तीसगढ़ सरपंच संघ विरोध करने सड़को पर उतर आया और दी आगामी चुनाव में परिणाम भुगतने की चेतावनी

**रायपुर ,29 मई 2023 (ए)।** कुछ दिनों से बीजेपी ने जाबो गोठान खोलबो पोल अभियान पुरे छत्तीसगढ़ में चलाया है ,जिसके द्वारा बीजेपी कांग्रेस की फ्लैगशिप स्कीम गोधन न्याय योजना की पोल खोलना चाहती है जिसे लेकर छत्तीसगढ़ के सरपंच संघ में रोष देखा जा रहा है। बीजेपी के इस अभियान से नाराज़ होकर छत्तीसगढ़ सरपंच संघ विरोध करने सड़को पर उतर आया है। साथ ही साथ सरपंच संघ ने आगामी चुनाव में बीजेपी को इसका परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है।

### बीजेपी से क्यों नाराज है सरपंच संघ

संघ का कहना है कि अगर बीजेपी कांग्रेस की पोल खोलना चाहती है तो बीजेपी को धरना प्रदर्शन का सहारा लेना चाहिए न कि ग्राम पंचायत में जाकर सरपंचों की परेशानी बढ़ानी चाहिए। गोठानो के संचालन का काम ग्राम पंचायत का होता है जिसके लिए ग्राम पंचायत को नोडल एजेंसी बनाया गया है.ऐसे मे बीजेपी का ये अभियान बीजेपी की छोटी व ओछी मानसिकता का प्रदर्शन करता है। ऐसी हरकत करना बीजेपी जैसी बड़ी पार्टी को शोभा नहीं देता।

### संघ ने कहा चुनाव में करेंगे बहिष्कार

बीजेपी जाबो गोठान खोलबो पोल अभियान के माध्यम से सरपंचो को टारगेट करने का काम कर रही है न की कांग्रेस को ,बीजेपी इतनी बड़ी पार्टी है किसी भी मुद्दे पर कांग्रेस को घेरे पर इस प्रकार से सरपंचो को प्रताड़ित करने का काम न करे ,सरकार द्वारा गौठानों के संचालन का काम सरपंचों को दिया गया है व सरपंच उस कार्य को कर रहे हैं ,बीजेपी द्वारा अगर इस प्रकार लगातार सरपंचो को टारगेट करने का काम किया जायेगा तो आगामी विधानसभा चुनाव में इसके परिणाम भुगतने होंगे तथा बीजेपी का चुनाव में बहिष्कार कर दिया जाये।

## जब जेल में छापेमारी के दौरान मिला नशे का सामान

# कैदियों ने अधिकारियों पर बदइंतजामी का आरोप लगाया




» हंगामे के बीच कैदियों ने खुद को किया घायल,

» सभी को भेजा गया अस्पताल

**जांजगीर-चांपा,29 मई 2023 (ए)।** जिला जेल जांजगीर, खोखरा में उस वक्त विचाराधीन बंदियों ने हंगा मा मचाना शुरू कर दिया, जब सुबह लॉकअप खुलने के बाद जेल के कर्मचारियों ने सभी बैरक की तलाशी ली और बंदियों के पास नशे का सामान बरामद किया। बंदियों के पास आपत्तिजनक सामान जप्ती के दौरान जेल कर्मचारियों पर बंदियों ने गाली-गलौच करने का आरोप लगाया और जेल के 260 बंदियों ने एक साथ नारे बाजी करते हुए हंगामा मचाया और खाने का बहिष्कार कर दिया।

### एसडीएमऔर जेल अधीक्षक पहुंचे जेल

आज सुबह हुई इस घटना की सूचना मिलने पर दोपहर 01 बजे एसडीएम, तहसीलदार और बिलासपुर केंद्रीय जेल अधीक्षक जेल पहुचे और आक्रोशित बंदियों को समझाईश देने की कोशिश की। इस दौरान बंदियों ने जिला जेल के अधीक्षक सहित कर्मचारियों की शिकायत की और खाने की क्वालिटी के साथ स्वास्थ्य सुविधा पर्याप्त नहीं होने का भी आरोप लगाया।

### कैदियों ने खुद को पहुंचाई चोट

इस मामले में केंद्रीय जेल अधीक्षक और रेंज प्रभारी ने बताया कि बंदियों में तीन लोगों ने जेल के अंदर अपने शरीर को काट लिया, जिससे खून बहने लगा, उन तीनो बंदियों को जिला अस्पताल भेजा गया। बंदियों की मांग पर आश्वस्त किया गया कि जेल में लगे सीसी टीवी कैमरा के फुटेज निकाल कर बंदियों से बदसलूकी करने वाले कर्मचारी की जांच भी की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके आलावा बंदियों के भोजन और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए भी डाक्टर की व्यवस्था करने की बात कही गई।

### मीडिया के सामने भी किया हंगामा

घायल कैदियों को अस्पताल ले जाने के लिए जब जेल से बाहर गया तब इन कैदियों ने मीडिया के समक्ष भी हंगामा किया। कैदी अनाप-शनाप आरोप लगा रहे थे। इस दौरान इन्होने जेल के अंदर अव्यवस्था होने की बात कही, तभी जेल के कर्मियों ने इन्हें किसी तरह उठा कर वहां में बिठाया मगर यहां भी वे हंगामा करते रहे।

# भीषण गर्मी और ट्रेनों की लेट लतीफी ने यात्रियों को किया परेशान

**रायपुर,29 मई 2023 (ए)।** नौतपा के बीच रेल यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है ।
इसका सबसे बड़ा कारण राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन में अव्यवस्था है और इसे अव्यवस्था के बीच यात्रियों में ट्रेनों की लेटलतीफी से असमंजस की स्थिति है और साथ ही साथ गर्मी के कारण भारी परेशानी भी।



रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर गर्म हवा के थपेड़ों से हजारों यात्री रोज झुलस रहे हैं। शेड में जो पाइप पानी की फुहारों के लिए लगाई है, उसका नोजल खराब होने से फुहारे बंद है।
वहीं प्लेटफार्म तीन और पांच पर लगे पंखे गर्म हवा फेंक रहे हैं। ऐसे हालत में जहां ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्री तप रहे है,वहीं ट्रेनों में सफर करने वाले पसीना बहा रहे हैं।
हावड़ा-मुंबई और कटनी, बिलासपुर, रायपुर रेल लाइन की ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं। यह सिलसिला एक दिन का नहीं, बल्कि पिछले कई महीनों से चल रहा है।दर्जनों ट्रेनें आठ से दस घंटे देरी से पहुंच रही है। इससे यात्री गर्म थपेड़ों के बीच रेलवे स्टेशन में अपने गंतव्य तक जाने ट्रेनों का इंतजार करने को विवश है।
उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, दिल्ली, मध्यप्रदेश, ओड़िशा, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र आदि राज्यों आने वाली ट्रेनें आठ से 10 घंटे लेट से रायपुर पहुंच रही है। यात्रियों का सफर 15 से 20 घंटे में पूरा हो रहा है। सुबह की ट्रेनें दोपहर और शाम तक रायपुर स्टेशन पहुंच रही हैं। कई महीनों से आजाद हिंद एक्सप्रेस 12 से 14 घंटे की देरी से आ रही है।
दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस, सारनाथ, शिवनाथ एक्सप्रेस, अमरकंटक, छत्तीसगढ़, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, आजाद हिंद, अहमदाबाद एक्सप्रेस, मुंबई मेल, बिलासपुर-इतवारी एक्सप्रेस, कविगुरु एक्सप्रेस, नौतनवा एक्सप्रेस, बरौनी एक्सप्रेस और डाउन आजाद हिंद,पुरी आदि ट्रेने रोज लेट से आ जा रही है।

## प्रदेश के नेताओं का पार्टी बदलने का सिलसिला जारी



# बीजेपी के 12 पदाधिकारी हुए कांग्रेस में शामिल

**बीजापुर ,29 मई 2023 (ए)।** प्रदेश में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए महज कुछ ही महीने बचे हुए है। ऐसे में कई नेताओं का पार्टी बदलने का सिलसिला जारी है। इसी बीच बीजापुर में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। एक साथ 12 कार्यकताओं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। विधायक कार्यलय में सभी कार्यकताओं ने कांग्रेस में प्रवेश किया है।
इस दौरान विधायक विक्रम शाह मांडवी और कांग्रेस जिला अध्यक्ष नें गमछा पहनाकर कांग्रेस में शामिल किया है। बता दें कि इससे पहले बड़े आदिवासी नेता नंदकुमार साय बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए है।

# नक्सलियों ने मुखबिरी का आरोप लगाकर युवक की कर दी हत्या

**सुकमा ,29 मई 2023 (ए)।** नक्सलियों ने चिंतागुफा थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक की डंडा व चाकू मारकर हत्या कर दी। नक्सलियों ने मृतक के पास पर्चे भी फेंके, जिसमें युवक पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया गया है।



### पहले डंडे से की पिटाई,

इस घटना के संबंध में परिजनों ने पुलिस को बताया कि नक्सलियों ने युवक को घर से उठाया और फिर घर के सामने ले जाकर पहले डंडे से खूब पीटा, फिर पेट में चाकू मार उसकी हत्या कर दी और शव को छोड़ चले गए। चिंतागुफा के रहने वाले युवक गणपति सेठिया की नक्सलियों ने हत्या कर दी। गणपति शनिवार की रात अपने घर पर मौजूद था। उसके साथ उसकी पत्नी रेवती व बेटी ज्योति भी साथ में थे, इसी दौरान करीब 4 से 5 की संख्या में नक्सली उसके घर पहुंचे। जिसे जबरदस्ती घर से निकाला। फिर अपने साथ घर के बाहर लेकर गए। जहां उस पर पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाया। फिर लाठी-डंडे से बेहरमी से पिटाई की। जिसके बाद धारदार हथियार से हत्या कर दी।
वारदात के बाद नक्सलियों ने रात में ही शव को छोड़कर चले गए, जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस सुबह मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। फ़िलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# कर्मचारी संगठन की जून में बड़े आंदोलन की तैयारी



**रायपुर,29 मई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के कर्मचारी व अधिकारी संघ, केंद्रीय कर्मचारियों के समान डीए सहित अन्य मांगो को लेकर जून में बड़ा आंदोलन करने जा रहा है।सीजी.कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आश्वाशन नहीं समाधान चाहिए अभियान के आह्वान पर प्रदेश भर में आंदोलन किया जायेगा। बताते चले की 30 मई तक सभी तहसीलों ,ब्लॉक व जिलों में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन फेडरेशन द्वारा जनप्रतिनिधियों को सौंपा जा रहा है।
संघ द्वारा उनकी मांगो को नहीं मानने पर जून माह से प्रदेश व्यापी आंदोलन फेडरशन के बैनर तले किया जायेगा। बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में केंद्र से 9 प्रतिशत कम महंगाई भत्ता वर्तमान में कर्मचारियों व अधिकारियों को दिया जा रहा है। इस बात से कर्मचारियों में रोष है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने बताया किं छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों के वेतन विसंगति ; कर्मचारी-अधिकारीयों को केंद्रीय कर्मचारियों से कम मिलने वाला महंगाई भत्ता और आवास भत्ता, वेतन विसंगति से सम्बंधित पिंगुआ कमिटी की रिपोर्ट अब तक लागू न करना भी मुद्दों में से एक है साथ ही कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल 4 स्तरीय पदोन्नति वेतनमान का मुद्दा भी आंदोलन का प्रमुख मुद्दा है




## बीएसएनएल के जीएम ने ऑफिस में लगाई फांसी

**रायपुर,29 मई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रहे हैं। भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क के जीएम ने ऑन ड्यूटी दफ्तर में फांसी लगा लगी है। बीएसएनएल के छत्तीसगढ़ इंचार्ज सतीश साहू ने अपने ऑफिस में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस घटना के बाद से विभाग में हड़कंप मच गया है।मोहनगर थाना की पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मृतक के परिजनों को इस घटना की सूचना दे दी गई है।



हालांकि आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। इधर पुलिस भी कुछ कहने से बचती नजर आ रही है।

# 'आप' के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आज

» 4300 पदाधिकारी एक साथ लेगें शपथ

» राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक दिलाएंगे शपथ

**रायपुर,29 मई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने बताया कि 30 मई को आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राजधानी रायपुर स्थित ललित महल होटल के सभागार में होगा, जिसमें सभी नवनियुक्त पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे।
शपथ ग्रहण समारोह में 5 हजार से अधिक पदाधिकारी-कार्यकर्ता शामिल होंगे, जिसमें 4300 नवनियुक्त पदाधिकारी शपथ लेगें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक शामिल होंगे। उनके अलावा प्रदेश प्रभारी संजीव झा, सहप्रभारी गैरी बिररिंग, हरदीप सिंह मुंडिया, नरेशभाई बारिया, निरंजन भाई वसावा, प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी समेत प्रदेश के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को डॉ. संदीप पाठक शपथ दिलाएंगे।
डॉ. संदीप पाठक शपथ ग्रहण समारोह में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संकल्प दिलाएंगे और कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र देंगे। साथ ही सभी विधानसभा क्षेत्रों में ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लिए संकल्प के साथ काम करने का आह्वान करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा चुका है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)